# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 1 अगस्त 2024


# संघ में केवल कुर्सी के लिए खेल, ओलंपिक में छग से एक भी खिलाड़ी नहीं, दो गए वो भी आब्जर्वर बनकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पेरिस ओलंपिक का देशभर में खुमार छाया हुआ है। दो पदकों के साथ खुशियों की शुरुआत हो चुकी है, पर छत्तीसगढ़ में मामला दूसरा है। यहां खेलों को लेकर कितनी गंभीरता है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ केवल अंदरूनी रस्साकसी की वजह से ही चर्चा में रहता है। पेरिस में चल रहे ओलंपिक में छत्तीसगढ़ का कोई खिलाड़ी शामिल नहीं ▶▶| शेष पेज 4 पर

### क्यों नहीं बन पाए ओलंपिक के खिलाड़ी

छत्तीसगढ़ के लिए ये एक बड़ा सवाल है कि यहां से ओलंपिक स्तर के खिलाड़ी अब तक तैयार क्यों नहीं हो पाए। राज्य में खेल विभाग की गतिविधियों के जानकारों की मानें तो राज्य में खिलाड़ियों के लिए ऐसी सुविधाएं ही नहीं हैं कि जिनके दम पर वे राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुकाबले के लिए तैयार हो पाए। जो खिलाड़ी सक्षम हैं वे बाहर से प्रशिक्षण हासिल कर सकते हैं, लेकिन आम व सामान्य खिलाड़ियों के लिए यह एक बेहद मुश्किल काम है।

## लंबे समय से प्रदेश का कोई भी खिलाड़ी क्वालीफाई तक नहीं कर पाया

### इंफ्रास्ट्रक्टर की कमी -गुरुचरण

छत्तीसगढ़ राज्य ओलंपिक संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा का कहना है कि हमारे यहां राज्य में खेलों का इंफ्रास्ट्रक्टर इतना कमजोर है कि यहां से खिलाड़ी तैयार नहीं हो पाते हैं। दूसरी बात ये कि हमारी खेल नीति भी हरियाणा-पंजाब राज्यों जैसी नहीं है। वहां की नीति, प्रशिक्षण के कारण ज्यादा खिलाड़ी निकल पाते हैं। रही बात ओलंपिक में जाने की तो उसमें वही खिलाड़ी जा सकते हैं जो देश के स्तर ▶▶| शेष पेज 4 पर



### अब खोली जा रही हैं एकेडमी

छत्तीसगढ़ में खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार प्रयास कर रही है। इस सिलसिले में अब नेशनल और इंटरनेशनल स्तर के खिलाड़ी तैयार करने के लिए आरचरी, हॉकी, एथलेटिक्स और बालिका कबड्डी खेल के लिए बिलासपुर के बहतराई में आवासीय एकेडमी बनाई गई है। इसी तरह रायपुर में भी तीरंदाजी के लिए आवासीय एकेडमी बनाई गई है। जानकारों का कहना है कि इन एकेडमियों से भी खिलाड़ी तैयार होने में ▶▶| शेष पेज 4 पर

### खेलों के लिए राज्य में कोई गंभीर नहीं है

छत्तीसगढ़ प्रदेश आरचरी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मुरारका का कहना है कि वास्तविकता ये है कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से लेकर अब तक शासन में कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं आया जो खेल गतिविधियों को लेकर गंभीर हो। दूसरी बात ये है कि यहां खेलों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रशिक्षण( कोचिंग) की भारी कमी है। श्री मुरारका ने कहा कि तीरंदाजी के लिए वे पिछले दस साल से ये मांग उठा रहे हैं, पर कई सुनवाई नहीं हुई। हालत ये है कि एनएमडीसी ने तीरंदाजी के लिए एक करोड़ रुपए दे रखे हैं। लेकिन इस राशि का इस्तेमाल तक नहीं हो पाया। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी केवल नेशनल स्तर पर ही खेल पा रहे हैं। ▶▶| शेष पेज 4 पर









# सिसकियों का सैलाब

## भूस्खलन में अब तक 167 से अधिक की मौत

**1000 से अधिक का रेस्क्यू** | **123 शवों का पोस्टमार्टम**



*केरल के वायनाड में भूस्खलन से अब तक 167 की मौत हो गई। 200 से अधिक अस्पताल में हैं, जबकि 180 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। आपदा के दूसरे दिन बुधवार को सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और डॉग स्क्वॉड की टीमें रेस्क्यू में जुटी रहीं। 1000 लोगों का रेस्क्यू किया गया, वहीं 3000 हजार लोगों को राहत शिविर में भेजा गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/वायनाड

केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन की घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर कम से कम 167 हो गई है। 219 से अधिक लोग घायल हुए हैं। बचावकर्मी मलबे में दबे लोगों की तलाश में जुटे हैं, जिससे मृतक संख्या और बढ़ने की आशंका है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूस्खलन के बाद मुंडक्कई और चूरलमाला इलाकों में 180 से अधिक लोग लापता हैं और 300 से ज्यादा मकान पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। मृतकों में से 75 की ▶▶| शेष पेज 4 पर

- बचावकर्मी दूसरे दिन भी करते रहे जिंदगी बचाने की जद्दोजहद

## 219 घायल, 180 लापता



### सेना, एनडीआरएफ जुटे रहे

बुधवार को बचावकर्मियों ने फिर से तलाश एवं बचाव अभियान शुरू किया। वायनाड में तैनात सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और अन्य आपात सेवा के कर्मियों ने तलाश अभियान फिर शुरू किया। प्रादेशिक सेना की 122 इन्फैन्ट्री बटालियन के जवानों ने मेप्पडी के एक स्थानीय विद्यालय में डेरा डाला हुआ है। सेना की कई टुकड़ियां तिरुवनंतपुरम और बेंगलुरु से सड़क तथा हवाई मार्ग से कालीकट रवाना हुई हैं।

### बचाव के दौरान दिखा हृदय विदारक दृश्य

केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन से तबाह हुए मुंडक्कई गांव में बुधवार सुबह बचाव अभियान फिर से शुरू किया गया। अभियान के दौरान कई क्षतिग्रस्त मकानों के मलबे में दबे शवों को उसी अवस्था में बाहर निकाला गया, जिस अवस्था में वह दुर्घटना के वक्त घर में थे।



### शाह बोले-केंद्र ने केरल को किया था अलर्ट

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह राज्य सभा में देश के वार्निंग सिस्टम पर सवाल खड़ा करने वाले विपक्षी सांसदों को सीधा जवाब देते हुए बताया, वायनाड में भीषण तबाही आ सकती है..ये अलर्ट सबसे पहले 23 जुलाई को फिर 24 और 25 जुलाई को केरल सरकार को भेजी गई थी। हिदायत दी गई थी कि भारी बारिश की वजह से भूस्खलन से हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व स्वास्थ्य सचिव प्रीति यूपीएससी की नई अध्यक्ष



नई दिल्ली। सरकार ने पूर्व स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन को यूपीएससी की अध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पहले मनोज सोनी ने इस्तीफा दे दिया था। सूदन गुरुवार को यूपीएससी अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगी। वह फिलहाल आयोग की सदस्य हैं।

### केंद्रीय विद्यालयों में सांसद कोटा नहीं होगा शुरू



नई दिल्ली। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए सांसदों के विवेकाधीन कोटा को फिर से शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने राज्यसभा को प्रियंका चतुर्वेदी के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

# सीएम साय देंगे 70 लाख महिलाओं को रक्षाबंधन का तोहफा, महतारी वंदन की छठवीं किस्त करेंगे जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जगदलपुर प्रवास के दौरान गुरुवार को वहां आयोजित जिला स्तरीय महिला सम्मेलन में शामिल होंगे और प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 1000-1000 रुपए की 6 वीं किस्त जारी कर राखी त्यौहार का उपहार देंगे। इस मौके पर वे महतारी वंदन एप का भी शुभारंभ करेंगे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री साय 3061 महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक गतिविधियों के ▶▶| शेष पेज 4 पर

- महिला स्व-सहायता समूहों को वितरित करेंगे 100 करोड़ रुपए का ऋण



### विकास कार्यों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री जगदलपुर में 9 करोड़ 31 लाख से अधिक राशि के विकास कार्यों लोकार्पण करेंगे। इनमें 48 लाख की लागत से अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय जगदलपुर, तोकापाल और लोहांडीगुड़ा तथा 66.49 लाख की लागत से नवीन तहसील कार्यालय जगदलपुर का जीर्णोद्धार के साथ 2.50 -2.50 करोड़ की लागत से निर्मित लोहांडीगुड़ा और बुरगुम थाना का शामिल हैं। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### महतारी वंदन एप

महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन को और सुदृढ़ बनाने के लिए महतारी वंदन मोबाइल एप का भी शुभारंभ किया जा रहा है। इस एप के माध्यम से हितग्राहियों को प्रतिमाह हुए भुगतान और यह राशि किस खाते में प्राप्त हुई है, इसकी जानकारी आसानी से मिल सकेगी। योजना के किसी हितग्राही की असामायिक मृत्यु हो जाती है, तो इसकी सूचना भी इसी मोबाइल एप के माध्यम से दी जा सकती है। एप के जरिए शिकायतें भेजी जा सकती है तथा निराकरण की स्थिति भी देखी जा सकती है। यदि किसी ▶▶| शेष पेज 4 पर






**नर्सरी का छात्र बैग में लाया पिस्तौल**

# स्कूल में पिस्तौल लेकर पहुंचा बच्चा, छात्र को मारी गोली

सुपौल। बिहार के सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाने के लालपट्टी इलाके में एक निजी स्कूल में पांच साल के छात्र ने बुधवार को पिस्तौल से अपने ही स्कूल के एक अन्य बच्चे को गोली मारकर जख्मी कर दिया। सुपौल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) शैशव यादव ने बताया, नर्सरी के छात्र ▶▶| शेष पेज 4 पर

### आरोपी छात्र को लेकर पिता फरार

आरोपित छात्र के पिता को सूचना दी गई तो वह भी स्कूल पहुंचे। प्रिंसिपल के टेबल से बंदूक लेकर अपने बेटे के साथ वह फरार हो गए।






**तीन वर्ष में एक बार उमड़ता है आस्था का सैलाब**

# अच्छी फसल और मन्नत पूरी होने पर पशुओं की बलि

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर



बकावण्ड ब्लॉक का टलनार एक ऐसा गांव, जहां तीन वर्ष में एक बार जात्रा मेला और हर वर्ष एक मेला लगता है। इसके लिए ग्रामवासी स्वयं अपना बजट तैयार करते हैं। हर परिवार अपनी सहभागिता निभाते हुए सहयोग राशि जमा करता है। मेले में दूरदराज से लोग आते हैं और ▶▶| शेष पेज 4 पर

### एक साथ प्रसाद ग्रहण करते हैं

तीन साल में एक बार होने वाले जातरा पूजा के दौरान मनोकामना पूर्ति के लिए सैकड़ों की संख्या में बलि दी जाती है। श्रद्धालु अपनी आर्थिक स्थिति के अनुरूप बकरा, सुअर, बतख, मुर्गी व कबूतर की बलि देते है।


छत्तीसगढ़ शासन
महतारी वंदन योजना
खुशियों का नोटिफिकेशन
महतारी वंदन से मातृशक्ति का सम्मान
माँ को समर्पित है "एक पेड़ माँ के नाम"
1 अगस्त 2024
₹1000 की छठवीं किश्त जारी
प्रदेश की महतारियां आज करेंगी पौधरोपण
एक पेड़ माँ के नाम
श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




# नोनी, बाबू के साथ 'अंधरी' को भी नहीं बख्शा, 14 तालाबों पर कब्जा, रकबा हुआ आधा



चारों तरफ बन गए मकान व दुकान, सिमट गया जलभराव क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

हरिभूमि लाइव नवी किस्त



जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा नगर में दर्जनभर से अधिक तालाबों को अतिक्रमणकारी लील रहे हैं। यहां अतिक्रमणकारियों ने नोनी, बाबू और अंधरी तालाब समेत कुल 14 तालाबों में अतिक्रमण कर लिया है,जिससे इन तालाबों का जल भराव क्षेत्र 50 फीसदी तक कम हो गया है। खास बात यह है कि एनजीटी के आदेश के परिपालन में नगरीय प्रशासन विभाग तालाबों को सुरक्षित रखने यहां कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। नगर पंचायत बलौदा अंतर्गत 14 तालाब अतिक्रमकारियों की चपेट में है। अतिक्रमणकारियों ने निस्तारी तालाबों को भी नहीं बख्शा है। कहीं तालाब की पार में मकान बना लिए गए हैं तो कहीं काम्प्लेक्स बनाकर दुकानें चल रही हैं। ऐसे में पुरखों के धरोहर कई तालाबों का जलभराव का एरिया सिमटकर कम हो गया है। तो कुछ अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। बलौदा के मुख्य निस्तारी तालाब नोनी, बाबू ▶▶|शेष पेज 4 पर

### नियमानुसार कार्रवाई

एनजीटी के आदेश के परिपालन में तालाबों को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई की जा रही है। राजस्व विभाग को सूची भेजी गई है। प्रशासन के दिशा-निर्देशन में कार्रवाई होगी।

दीपक एक्का, सीएमओ, नगर पंचायत बलौदा

### बलौदा के सामाजिक कार्यकर्ता ने लगाई है याचिका

*जांजगीर-चांपा जिला के बलौदा के ही सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश प्रसाद देवांगन ने एनजीटी के समक्ष एक याचिका प्रस्तुत की है, जिसमें उन्होंने अपने क्षेत्र के तालाबों पर हुए कब्जों को लेकर यह याचिका लगाई थी, लेकिन सुनवाई के दौरान पूरे छत्तीसगढ़ में तालाबों पर कब्जे की स्थिति पर संज्ञान लिया गया है। उनका कहना है कि अवैध और अनाधिकृत रूप से विभिन्न अतिक्रमण किए गए हैं और बिना किसी अधिकार के विभिन्न निर्माण किए गए हैं। पर्यावरण नियमों के उल्लंघन किया गया है। बलौदा क्षेत्र में एक तालाब पर कब्जे के संबंध में उन्होंने याचिका में कहा है कि बस स्टैंड के पास खसरा नं. 2591, जो कि बलौदा नगर में लगभग 3.46 एकड़ है, में बिना किसी प्रबंधन योजना और सीवरेज के उपचार के प्रावधान के अनुपचारित सीवेज जल को जल निकाय में छोड़ा जा रहा है।*


ninh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### मंदिर में दान किए एक करोड़ लेकर फरार



**मथुरा।** यूपी के मथुरा जिले के गोवर्धन कस्बे में स्थित श्री गिरिराज मंदिर में दान में आई एक करोड़ से अधिक की रकम को लेकर एक सेवायत फरार हो गया है। मंदिर के प्रबंधक ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। यह मामला गोवर्धन के गिरिराज मंदिर का है, जहां का एक सेवायत (सेवक) दिनेश चंद्र को मंदिर की दानपेटी में आई।

### गडकरी ने कहा- बीमा से हटाएं 18 फीसदी जीएसटी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से जीवन एवं चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी हटाने का अनुरोध किया है। वित्त मंत्री को लिखे पत्र में गडकरी ने नागपुर मंडल जीवन बीमा निगम कर्मचारी संघ की चिंताओं को उठाया।

### ट्रेन की चपेट में आए बाघ शावक की मौत



**भोपाल।** मप्र के सीहोर जिले में दो सप्ताह पहले ट्रेन की चपेट में आने से चोटिल हुए एक बाघशावक की भोपाल के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में इलाज के दौरान मौत हो गई। यह शावक उन दो घायल शावकों में से था, जिन्हें 17 जुलाई को विशेष एसी ट्रेन के मार्फत सीहोर जिले के बुधनी के पास मिडघाट सेक्शन से भोपाल लाया गया था।

### नर्मदा में नहाने गए तीन की डूबने से मौत



**खरगोन।** मप्र के खरगोन जिले में बुधवार को नर्मदा नदी में नहाने गये एक ही परिवार के तीन सदस्यों की डूबने से मौत हो गई। राहत दल ने नदी से मां, बेटी और बेटे के शव बरामद कर लिए हैं। तीनों लोग इन्दौर से महेश्वर घूमने आये थे। नर्मदा नदी में नहाने के दौरान पानी में डूबने से उनकी मौत हो गयी।

### पिकअप पलटी, दो की मौत, 27 बच्चे घायल



**जयपुर।** राजस्थान के चूरू जिले में बुधवार को स्कूली बच्चों से भरा एक पिकअप वाहन पलटने से एक बच्चे सहित दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में 27 अन्य बच्चे घायल हो गये। साहवा थाना क्षेत्र में मेघसर से झाड़सर गजिया रोड पर स्कूली बच्चों से भरा एक पिकअप वाहन पलटने से एक बच्चे सहित दो लोगों की मौत हो गयी।

# ईरान में हमास चीफ इस्माइल की हत्या, इजराइल पर शक

*ईरान के राष्ट्रपति मसूद की शपथ ग्रहण में शामिल हुआ था हानिया*

एजेंसी ▶▶| तेहरान

*ईरान की राजधानी तेहरान में हमास सरगना इस्माइल हानिया की हत्या कर दी गई है। वह तेहरान के एक अपार्टमेंट में ठहरा था। ईरानी सेना ने बताया है कि हानिया के साथ उसका एक सुरक्षा गार्ड भी मारा गया है। इस हत्या की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। इसका शक इजराइल पर है, जिसने सात अक्टूबर को देश में हुए अप्रत्याशित हमले को लेकर हनिया और हमास के अन्य नेताओं को मारने का संकल्प लिया था।*

ईरान के अर्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' ने बुधवार को कहा कि तेहरान में हमास नेता इस्माइल हानिया की हत्या कर दी गई है। हानिया मंगलवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने के लिए तेहरान में था। ईरान ने यह नहीं बताया कि हानिया की हत्या कैसे हुई और उसे किसने मारा।

■ हवाई हमले में हानिया के बॉडीगार्ड की भी मौत

रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर विश्लेषकों ने तुरंत इस हत्या के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराना शुरू कर दिया। इजराइल ने अभी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। हानिया ने 2019 में गाजा पट्टी छोड़ दी थी और कतर में निर्वासन में रह रहा था। गाजा में हमास का शीर्ष नेता येह्या सिनवार है, जिसने सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले की साजिश रची थी। इस हमले में 1,200 लोग मारे गए थे और करीब 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। हानिया की हत्या ऐसे वक्त में हुई है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन हमास और इजराइल को एक अस्थायी संघर्ष विराम और बंधकों की रिहाई संबंधी समझौते पर राजी करने का प्रयास कर रहा है। अभी व्हाइट हाउस ने हानिया की हत्या पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## बिल्डिंग को गाइडेड मिसाइल से बनाया गया निशाना



### 'एरियल प्रोजेक्टाइल' से हानिया की मौत

*इस्माइल हानिया की मौत उत्तरी तेहरान में उनके आवास पर सुबह 02:00 बजे (स्थानीय समयानुसार) एक एरियल प्रोजेक्टाइल लगने से हुई, हालांकि उस प्रोजेक्टाइल के बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी गई। हिजबुल्लाह से संबद्ध अल-मायादीन ने भी एक अनाम ईरानी अधिकारी के हवाले से कहा कि हमास नेता की हत्या विदेश से दागी गई मिसाइल से की गई। रिपोर्ट में कहा गया कि अधिकारी ने इसे ईरान के विरुद्ध आक्रामकता का कृत्य बताया, जिसके लिए /"निर्णायक प्रतिक्रिया की जाएगी।*

### इजरायल ने कैसे किया सरगना का शिकार

ऐसा शक है कि इस्माइल हानिया के ईरानी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचने की जानकारी इजरायल को पहले से थी। इजरायली खुफिया एजेंसियों ने इस्माइल हानिया पर नजर बनाए रखी और उसके रहने के ठिकाने के सटीक कॉर्डिनेट इजरायली सेना को भेजे। इसके बाद सटीक हमला करने में सक्षम गाइडेड मिसाइल के जरिए हानिया के ठिकाने को निशाना बनाया गया।

### इजराइल पर हमला तो भारी कीमत चुकानी होगी

**बेरूत।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनके देश पर किसी भी मोर्चे पर कोई भी हमला हुआ तो भारी कीमत चुकानी होगी। तेहरान में हवाई हमले में हमास के शीर्ष राजनीतिक नेता इस्माइल हनिया के मारे जाने के बाद यह उनका पहला सार्वजनिक बयान था। हमास और ईरान दोनों ने इस चौंकाने वाली घटना के लिए फौरन इजराइल को जिम्मेदार ठहराया जिससे व्यापक क्षेत्रीय युद्ध का खतरा पैदा हो गया है।

### ईरान गुस्साया लगाया लाल झंडा



हमास के प्रमुख इस्माइल हानिया की हत्या के बाद, ईरान के कोम में प्रमुख जामकरन मस्जिद के गुंबद पर लाल झंडा लगाया गया है। यह लाल झंडा बदला लेने का एक प्रतीक माना जाता है, जो बढ़ते तनाव और इजरायल के खिलाफ संभावित जवाबी हमले का संकेत हो सकता है। कोम स्थित मस्जिद पर लगाया गया लाल झंडा ईरान में अक्सर लगाया जाता है जो कि शहीदों के खून का प्रतीक है। मुहर्रम के दौरान खासतौर पर इस झंडे को लगाया जाता है।

# अपराधियों के हौसले बुलंद, सीएम के नाम से फेंक आईडी, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जालसाज किसी भी चर्चित व्यक्ति के नाम से फेक आईडी बनाकर लोगों के पास फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसमें साइबर क्राइम की मॉनिटरिंग सेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम से फेक आईडी से फेसबुक संचालित होना पाया।




मुख्यमंत्री के नाम से फेक आईडी की जानकारी मिलते ही रेंज साइबर थाना ने अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। एएसपी क्राइम संदीप मित्तल के मुताबिक सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग सेल ने फेक आईडी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम से फेसबुक संचालित होना पाया। फेक आईडी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम से फेसबुक संचालित होने पर एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। फेक आईडी के माध्यम से किसने मुख्यमंत्री के नाम से फेसबुक प्रोफाइल बनाया है। इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। पुलिस अफसर के मुताबिक आईपी एड्रेस के माध्यम से फेक आईडी बनाने वाले की पहचान की जा रही है।

■ साइबर सेल की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल ने पकड़ा मामला

### रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करने वालों को आदेश

*सूत्रों के मुताबिक जिन लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम से बनाए गए फेक आईडी से भेजे गए फ्रेंड रिक्वेस्ट को एक्सेप्ट किया है, उन लोगों को कई फेक मैसेज पोस्ट किए जा रहे हैं। साथ ही फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करने वालों को मुख्यमंत्री के नाम से आदेश जारी करने की बात सामने आई है। फेक आईडी से किसी से किसी भी तरह की डिमांड किए जाने की मांग की गई है या नहीं, यह अब तक स्पष्ट नहीं है। फेक आईडी बनाने वाला जालसाज राज्य का है या राज्य के बाहर का है, इस बात की जानकारी आईपी एड्रेस ट्रेस होने की बाद ही पता चलेगी।*

# जुनेजा के डीजीपी बने रहने के आसार, अब तक यूपीएससी को नहीं भेजा गया पैनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा का कार्यकाल 4 अगस्त समाप्त हो रहा है। इधर राज्य सरकार ने नए डीजीपी के नामों का पैनल यूपीएससी को अब तक नहीं भेजा है। ऐसे में माना जा रहा है कि 1989 बैच के आईपीएस श्री जुनेजा अभी अपने पद पर बने रहेंगे। सूत्रों के अनुसार सरकार डीजी बदलने को लेकर बहुत जल्दबाजी में नहीं है। वजह यह भी है कि अशोक जुनेजा पूर्व में नक्सल आपरेशन के स्पेशल ▶▶|शेष पेज 4 पर

### नक्सल मोर्चे पर सफलता और निर्विवाद कार्यकाल

महानिदेशक जुनेजा 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उनका कार्यकाल निर्विवाद रहा है। वे खामोशी से काम करने वाले अफसर माने जाते हैं। अब तक के कार्यकाल में उन पर कोई आक्षेप नहीं लगा है। माना जा रहा है कि उनकी उसी शैली की वजह से सरकार बदलाव को ▶▶|शेष पेज 12 पर

# विद्युत कंपनी के 4000 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी की पदोन्नति होगी वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

खास खबर

विद्युत कंपनी में नियम विरुद्ध पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों को अब वापस उनके पद पर भेजा जाएगा। हाईकोर्ट ने विद्युत विभाग के सामान्य प्रशासन विभाग को पदोन्नति नियम में बदलाव करने का आदेश दिया है। ऐसे में जिन अधिकारियों का प्रमोशन पदोन्नति नियम वर्ष 2003 के 5-रोस्टर के हिसाब से हुआ है उन्हें वापस उनके मूलपद पर भेजा जा सकता ▶▶|शेष पेज 4 पर



### वर्ष 1989 में पदोन्नति पाने वाले को भी खतरा

पदोन्नति नियम 2003 के आधार पर अब तक 2 हजार कर्मचारी और 2 हजार अधिकारियों की पदोन्नति हो चुकी है। इसमें वर्ष 1989 से अब तक के कर्मचारी और अधिकारी शामिल हैं। यही वजह है कि पदोन्नति पाने वाले अधिकारी कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### रिवर्ट होने वाले अधिकारियों से होगी रिकवरी

यहां बताना होगा कि कोर्ट के आदेश के बाद अब इस मामले में अगर पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों को रिवर्ट कर वापस उनके मूलपद पर भेजा जाएगा तो उनसे रिकवरी भी की जा सकती है। पदोन्नति को लेकर विद्युत कंपनी के कर्मचारी संघ कंपनी के एमडी व चेयरमैन को ज्ञापन सौंपने की तैयारी में है। वहीं विद्युत कंपनी के कर्मचारी संघ के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से समय की मांग की है।

मुख्यमंत्री साय ने नए राज्यपाल को दी बधाई

# डेका ने छत्तीसगढ़ के 10वें राज्यपाल के रुप में ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रमेन डेका ने राजभवन के दरबार हॉल में छत्तीसगढ़ के 10वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने उन्हें शपथ दिलाई। नए राज्यपाल ने शपथ ग्रहण के बाद चर्चा में कहा, छत्तीसगढ़ विकास के परिदृश्य में तेजी से उभर रहा है। यहां विकास को नए स्तरों पर पहुंचाने ▶▶|शेष पेज 4 पर

### शपथ ग्रहण के बाद दिल्ली रवाना

छत्तीससगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका शपथ ग्रहण के बाद नई दिल्ली रवाना हो गए हैं। वे वहां पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अध्यक्षता में राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राज्यपालों के तीन दिवसीय सम्मेलन में शामिल होंगे। यह सम्मेलन 1 से 3 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है।

अब नहीं दे पाएंगी कोई परीक्षा

# पूजा को यूपीएससी का झटका आईएएस की नौकरी कर दी रद्द



**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने बुधवार को कहा कि उसने परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की उम्मीदवारी रद्द कर दी है। भविष्य में किसी भी परीक्षा में उनके शामिल होने पर रोक लगा दी है। आयोग ने एक बयान में कहा, यूपीएससी ने उपलब्ध रिकॉर्ड की सावधानीपूर्वक जांच-पड़ताल की है। उन्हें सीएसई-2022 नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करने का दोषी पाया है। इसमें कहा गया है कि सीएसई-2022 (सिविल सेवा परीक्षा-2022) के लिए उनकी अनंतिम उम्मीदवारी 'रद्द' कर दी गई है।

### 15 वर्षों का जांचा रिकॉर्ड

आयोग ने कहा कि खेडकर के मामले की पृष्ठभूमि में, उसने पिछले 15 वर्षों (2009-2023) के दौरान सिविल सेवा परीक्षाओं में शामिल हुए 15,000 से अधिक अंतिम उम्मीदवारों को लेकर इस बात की 'गहन जांच' की कि उन्होंने कितनी बार प्रयास किया था।

यूपीएससी कोचिंग हादसे में कोर्ट ने आरोपियों की याचिका खारिज की

# गाड़ी की रफ्तार से बेसमेंट जलमग्न, ड्राइवर को नहीं दी जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने राजेंद्र नगर के यूपीएससी कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत के मामले में एसयूवी चालक एवं चार अन्य को जमानत देने से इंकार कर दिया है। एसयूवी चालक मनुज कथूरिया पर आरोप है कि उन्होंने अपनी एसयूवी को उस सड़क पर चलाया, जहां बारिश का पानी भरा हुआ था। इससे पानी का बहाव एक तरफ बढ़ गया और तीन मंजिला इमारत के गेट टूट गए तथा बेसमेंट जलमग्न हो गया। तीस हजारी कोर्ट ने मनुज कथूरिया, ▶▶|शेष पेज 4 पर

### हाईकोर्ट ने अफसरों को लगाई फटकार

इधर, दिल्ली हाईकोर्ट ने हादसे से जुड़े मामले में प्राधिकारियों को बुधवार को जमकर फटकार लगाई। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि जब मुफ्त की सौगातें बांटने की संस्कृति के कारण कर संग्रह नहीं होता है, तब ऐसी त्रासदियां होना स्वाभाविक है। अदालत ने कहा कि एक 'अजीब जांच' चल रही है।




### राऊ कोचिंग पर चला बुलडोजर

राऊ आईएएस कोचिंग पर बुधवार को बुलडोजर की कार्रवाई की गई। गेट के हिस्से को हटाने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया। राऊ कोचिंग के गेट की खराबी का कारण जानने के लिए उसे फोरेंसिक जांच के लिए ले जाया गया। राउ आईएएस कोचिंग के बेसमेंट में पानी भरने से तीन बच्चों की मौत पर सभी प्रशासन से गुस्साए हुए हैं।

### सदन में गूंजा मामला

स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि कोचिंग सेंटरों से विद्यार्थियों को बाहर लाना ही होगा। सबके सहयोग से इसके लिए समुचित प्रयास किए जाएंगे। उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान प्रधान ने कहा कि विद्यार्थी प्रतिस्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कोचिंग संस्थानों की मदद लेते हैं। उन्होंने कहा लेकिन हम चाहते हैं कि कोचिंग संस्थान न हों और इसके लिए जरूरी है कि स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई हो।

## चिंतन

# जलवायु संकट के जिम्मेदार देश वैश्विक क्षतिपूर्ति दें

जलवायु संकट पर भारत को लेकर राष्ट्रमंडल का रुख भारतीय नीति का समर्थन है। राष्ट्रमंडल ने कहा है कि जलवायु संकट के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है। पेरिस क्लाइमेट करार के बाद से जब भी भारत ने विकसित देशों को क्षतिपूर्ति देने के मुद्दे को उठाया है, अमेरिका समेत तमाम विकसित देशों ने आनाकानी की है। विश्व में कार्बन उत्सर्जन के लिए दोषी मुल्कों से हमेशा प्रश्न रहा है कि वे विकासशील देशों को क्षतिपूर्ति दें और हरित तकनीक सस्ते या मुफ्त में मुहैया कराएं। दरअसल, अमेरिका, यूरोप के विकसित देश अपने औद्योगिक विकास के दौर में अत्यधिक कार्बन का उतसर्जन किया है, जिससे जलवायु संकट वैश्विक स्तर पर खड़ा हो गया है। भारत व चीन जैसे विकासशील देश ने अपने औद्योगिकीकरण की प्रक्रिया देर से शुरू की है, जो जारी है। कार्बन उत्सर्जन का सबसे बड़ा कारण जीवाश्म ईंधन व कोयले व मीथेन का अंधाधुंध प्रयोग है। जब दुनिया ग्लोबल वार्मिंग का शिकार हो रही है, धरती पर तापमान बढ़ रहे हैं, मौसम चक्र बदल रहा है, सर्दी व गर्मी का संतुलन बिगड़ रहा है, असामान्य जलवायु बदलाव के चलते बीमारियों का भी विस्तार हो रहा है, तो अब दुनिया जागी है और धरती पर तापमान को नियंत्रित करने को संकल्पित हुई है। इसमें विकसित देश व विकासशील के बीच नीतिगत मतभेद रोड़ा है। विकसित देश स्वच्छ व हरित तकनीक अपनाने पर बल दे रहे हैं, जीवाश्म ईंधन के प्रयोग से दूर होने की अपील कर रहे हैं, लेकिन विकासशील देशों का कहना है कि अभी वह अचानक एक बार में हरित तकनीक को अपनाने को तैयार नहीं है, उसके औद्योगिकीकरण की प्रक्रिया अपनी चरम अवस्था में नहीं है, विकासशील देश क्रमवार ही अपनी तकनीक का बदलाव कर पाएंगे, लेकिन विकसित देश गर चाहते हैं कि सभी एक साथ हरित तकनीक अपनाएं, तो इसके लिए विकसित देश तकनीक मुहैया कराए और विकासशील देश को क्षतिपूर्ति भी दें। पेरिस क्लाइमेट करार में इस पर सहमति भी बनी, लेकिन अमेरिका दायित्व निभाने से पीछे हट गया। मामला अब भी अटका हुआ है। वर्ष 2015 में पेरिस में संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता में, देशों ने जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों से बचने के लिए वैश्विक औसत तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर के औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने की प्रतिबद्धता जताई थी। हालांकि भारत ने अपने स्तर पर हरित ऊर्जा को अपनाना शुरू कर दिया है और धीरे धीरे जीवाश्म ईंधन व कोयला के प्रयोग को कम किया है। खेती में भी रसायन के प्रयोग को हतोत्साहित करना शुरू किया है। राष्ट्रमंडल महासचिव पैट्रीशिया स्कॉटलैंड ने कहा कि जलवायु संकट के लिए जिम्मेदार न होने के बावजूद भारत भीषण गर्मी, बाढ़ और प्रचंड मानसून सहित गंभीर जलवायु परिणामों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा भी है कि भारत के पास 2.7 अरब लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाले राष्ट्रमंडल नामक 56 देशों के समूह के भीतर विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी साझा करके एक न्यायसंगत ऊर्जा परिवर्तन का नेतृत्व करने का अवसर है। भारत एक नए, स्वच्छ और सुरक्षित विकास मॉडल की तरफ शनैः शनैः बढ़ रहा है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा व इलेक्ट्रिकल वाहनों के साथ हरित हाइड्रोजन तकनीक को भी तेजी से अपना रहा है। 21वीं सदी में जो भी देश ग्रीन एनर्जी का लीडर बनेगा, वही विश्व पर राज करेंगे। अब जलवायु संकट के जिम्मेदार देशों को क्षतिपूर्ति देनी चाहिए।



भाजपा अध्यक्ष चुनाव
प्रो. नीलम महाजन सिंह

# ...तो क्या केरल से मिलेंगे संकेत

**भाजपा अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया एक अगस्त से शुरू होगी व दिसंबर में पूरी होगी। अब बड़ा सवाल है कि भाजपा का नया अध्यक्ष पार्टी की पसंद का होगा या संघ की पसंद का? भाजपा के अध्यक्ष चुनाव से पहले केरल में 31 अगस्त से 2 सितंबर तक संघ व भाजपा समेत अनुषंगी संगठनों की समन्वय बैठक हो रही है। इस बैठक से भाजपा को अपने अध्यक्ष के लिए चेहरे के चयन को लेकर संकेत मिल सकता है। हाल में संघ व भाजपा के रिश्ते का नए अध्यक्ष व उनकी टीम के चयन पर असर दिखाई देगा। भाजपा को अपने अध्यक्ष का चुनाव संघ के साथ सूझबूझ से करना चाहिए, अनुभवी नेता को जिम्मेदारी देनी चाहिए, जिनमें सबको साथ लेकर चलने की क्षमता हो।**

भाजपा को अपना अध्यक्ष चुनना है। मौजूदा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का बढ़ा हुआ कार्यकाल जून में पूरा हो चुका है। नड्डा वर्ष 2019 में वर्किंग प्रेसिडेंट बने थे, वर्ष 2020 में पूर्णकालिक अध्यक्ष बने। भाजपा अध्यक्ष का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए नड्डा को एक्सटेंशन मिला। अब चूंकि नड्डा पीएम मोदी मंत्रिमंडल में केंद्रीय स्वास्थ्य व रसायन व उर्वरक मंत्री बनाए गए हैं, इसलिए भाजपा नए चेहरे तलाश रही है। भाजपा अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया एक अगस्त से शुरू होगी व दिसंबर में पूरी होगी। अब बड़ा सवाल है कि भाजपा का नया अध्यक्ष पार्टी की पसंद का होगा या संघ की पसंद का? वर्ष 2024 के आम चुनाव नतीजे के बाद संघ की ओर से भाजपा नेताओं की दी गई नसीहत को मीडिया में जिस तरह अदावत की तरह प्रचारित किया गया है, उसके बाद से यह सवाल मौजूं है। यह सवाल इसलिए भी कि भाजपा के अध्यक्ष चुनाव से पहले केरल में 31 अगस्त से 2 सितंबर तक संघ व भाजपा समेत अनुषंगी संगठनों की समन्वय बैठक हो रही है। इस बैठक से भाजपा को अपने अध्यक्ष के लिए चेहरे के चयन को लेकर संकेत मिल सकता है। हाल में संघ व भाजपा के रिश्ते का नए अध्यक्ष व उनकी टीम के चयन पर असर दिखाई देगा। आम चुनाव के परिणाम के बाद संघ की ओर से आए बयानों को समझने का प्रयास करें, तो भाजपा को लेकर संघ की 'भागवत कथा' न मनभेद है, न मतभेद है, पर यह एक नसीहत, एक आईना जरूर है। जो लोग फेक नैरेटिव गढ़कर यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि संघ और भाजपा में दूरी बढ़ रही है, तो वे या तो गफलत में हैं, या सयास ऐसा कर रहे हैं।

यह कहा जाना कि संघ व भाजपा के बीच सबकुछ ठीक नहीं है, तो यह पहली बार नहीं है, जब भाजपा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से सलाहियत दी गई हो, वर्ष 1984 व वर्ष 2004 में भी वर्ष 2024 की भांति संघ ने भाजपा को सलाह दी थी। लेकिन इस बार चर्चा अधिक है, वह इसलिए कि इस आम चुनाव के परिणाम ने भाजपा के लिए ब्रांड मोदी का मिथ तोड़ दिया, भाजपा नेताओं के मोदी 'भरोसे' रहने के भ्रम को भंजित कर दिया, तो संघ व भाजपा की ओर से वर्षों की मेहनत से गढ़े गए हिंदुत्व, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सनातन, अखंड भारत, श्रेष्ठ भारत, विश्व गुरू आदि रूपकों के चुनावी प्रभाव को मलिन कर दिया। शायद इसलिए जब संघ प्रमुख मोहन भागवत ने 400 पार का नारा देने वाली अति आत्मविश्वासी भाजपा को, (जो अपने दम पर सामान्य बहुमत (273) का आंकड़ा भी नहीं छू सकी व 2014 और 2019 से भी पीछे रह गई), पीछे रहने के कारणों का भान कराया, तो कुछेक काठ की हांडी चढ़ाए रखने वालों ने झूठ प्रचारित करना शुरू कर दिया कि संघ भाजपा से खफा है व दोनों में दूरी बढ़ रही है। ऐसा कतई नहीं है, न ऐसा कभी होगा। संघ राजनीति में कभी सक्रिय नहीं रहा है, वह देश में सेवा के माध्यम से जनकल्याण में जुटा रहता है।

डा. मोहन भागवत ने नागपुर में सरकार गठन के बाद जून में जब मोदी सरकार के पिछले 10 सालों के कामकाज की सराहना करते हुए कहा था कि देश की राजनीतिक संस्कृति में सुधार और सरकार के सामने



आने वाली चुनौतियों पर राष्ट्रीय सहमति बनाने की जरूरत है, देश के विकास में सबका सहयोग जरूरी है, तो इसका मतलब भाजपा की आलोचना नहीं है, बल्कि सलाहियत है। वर्ष 1925 में स्थापना के समय से ही संघ भारतीयता, हिंदुत्व, सनातन संस्कृति, राष्ट्रीय एकता व अखंडता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता रहा है। संघ एक सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन के रूप में कार्य करता है, जबकि भाजपा एक राजनीतिक दल के रूप में। संघ की भूमिका भाजपा के वैचारिक मार्गदर्शक की है।

डॉ. भागवत के कथन को भाजपा की नीतियों या निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को कमजोर करने या नियंत्रित करने के प्रयास के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। हालांकि मोदी काल में संघ से अलग भाजपा का जनाधार बनाने का प्रयास हुआ, इसमें सफलता भी मिली, लेकिन पार्टी एक नेता के इर्दगिर्द नतमस्तक भी होती गई, शायद इसलिए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा एक साक्षात्कार में यह कहने का साहस जुटा पाए कि अब भाजपा जनाधार के स्तर पर इतनी बड़ी हो गई है कि उसे अब संघ की जरूरत नहीं है, इस बयान का भी कतई यह मायने नहीं है कि भाजपा संघ से पृथक हो गई है या संघ का साथ नहीं चाहती है। हालांकि, वर्ष 2024 के आम चुनाव के नतीजे ने मोदी के आवरण में भाजपा के अपराजेय हो जाने की भाजपाइयों की समझ के बुलबुले को भी फोड़ दिया है, पर अब भाजपा को अच्छे से एहसास हो गया होगा कि संघ व पार्टी संगठन के साथ के बिना पार्टी श्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकती है। डा. मोहन भागवत की बातों का गूढ़ अर्थ समझकर अब भाजपा को सबक लेना चाहिए, समावेशी राजनीति पर अमल करना चाहिए, देश के राजनीतिक चरित्र को समझते हुए जनाधार मजबूत करना चाहिए, शीर्ष नेता के संबोधन में हल्कापन नहीं होना चाहिए और एक चेहरे के भरोसे रहने के बजाय मजबूत सेकेंड लाइन तैयार करनी चाहिए।

यह सही है कि संघ अतिशय व्यक्तिवाद को नापसंद करता है और सरसंघचालक मोहन भागवत ने 2014 की जीत के दो महीने के बाद ही कहा भी था कि 'भाजपा को जीत किसी एक व्यक्ति की वजह से नहीं मिली है। इसे किसी व्यक्ति-विशेष की विजय मानना ठीक नहीं है।' मार्गदर्शक के तौर पर यह पार्टी को सावधान करने के लिए कही गई थी। इस चेतावनी के बावजूद भाजपा ब्रांड नेता के मोहपाश में फंसी और खामियाजा वर्ष 2024 में भुगती। व्यक्ति की लोकप्रियता की एक उम्र होती है, जबकि किसी पार्टी व संगठन की पूंजी विचारधारा है, जो उम्र की सीमा से परे है, वह पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित रहती है। भागवत ने चार बातें प्रमुख तौर पर कही थीं। लीडर में सेवक का भाव हो, मैं ही मैं का भाव न हो। विपक्ष वैचारिक प्रतिपक्ष है, विरोधी नहीं है। चुनावों में भाषा को लेकर नैतिकता की मर्यादा हो। मणिपुर में शांति हो। संघ के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में एक लेख में सरकार के नीति नियंता और भाजपा की कार्यशैली पर प्रश्न खड़ा किए जाने से और आरएसएस के कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार द्वारा जयपुर में नेताओं के अहंकार को 240 पर सूई अटकने का कारण बताए जाने से संघ व भाजपा में खटपट को हवा मिली। गोरखपुर में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भागवत की मुलाकात की खबर ने हवा को और गति दी। जबकि, लगातार तीसरी बार भाजपा ने राजग के रूप में जनादेश हासिल किया है। बेशक भाजपा की सीटें बहुमत का आंकड़ा पार न कर सकीं, इसके बावजूद पार्टी ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है, जिसे किसी भी पार्टी द्वारा अगले कुछेक वर्षों में दोहराने की संभावना क्षीण है। ऐसी स्थिति में संघ व भाजपा में किसी खटपट की कोई वजह नहीं बनती है। भाजपा को अपनी स्थिति में सुधार के लिए कहना संघ की नाराजगी नहीं है, बल्कि घर को सुदृढ़ करने के लिए एक मंतव्य है। व्यवहार में दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। भाजपा के लिए तो यह स्वॉट (SWOT) एनालिसिस की तरह है। अब भाजपा को अपने अध्यक्ष का चुनाव संघ के साथ सूझबूझ से करना चाहिए, जिनमें पार्टी लगातार चुनावी सफलता हासिल कर सके।

(लेखक वरिष्ठ टीवी पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

यूपीः नया कानून
डॉ. आशीष वशिष्ठ



# लव जिहाद पर अब और सख्त हुई योगी सरकार

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने 'लव जिहाद' के मामलों पर लगाम कसने के लिए बेहद सख्त कदम उठाया है। यूपी में अब लव जिहाद के मामले रोकने के लिए एक सख्त कानून यूपी विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन पारित हो गया है। संशोधित कानून में लव जिहाद का अपराध सिद्ध होने पर उम्रकैद की सजा का प्रावधान है। इस कानून में कई अपराधों की सजा बढ़ाकर दोगुनी कर दी गई है। लव जिहाद के तहत कई नए अपराध भी इसमें जोड़े गए हैं। लव जिहाद को लेकर बड़े पैमाने पर चर्चा वर्ष 2000 में शुरू हुई, लेकिन आजादी के पहले भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके थे। एक समुदाय विशेष के लोग दूसरे समुदाय की लड़कियों को गलत पहचान बताकर प्यार करते हैं और उसके बाद उन लड़कियों पर अत्याचार करके उनका धर्म परिवर्तन कराया जाता है। ऐसे मामलों को लव जिहाद का नाम दिया गया है। इन मामलों को लेकर कई राज्यों की सरकारों ने कड़े कानून बनाने की पहल की है।

दरअसल, लव जिहाद दो शब्दों से मिलकर बना है। इसमें लव अंग्रेजी भाषा का शब्द है। इसका मतलब प्यार, इश्क और मोहब्बत होता है। जिहाद अरबी भाषा का शब्द है। इसका मतलब धर्म की रक्षा के लिए युद्ध करना होता है। आशय साफ है कि जब एक धर्म विशेष को मानने वाला व्यक्ति दूसरे धर्म की लड़कियों को प्यार के जाल में फंसाकर किसी प्रकार का प्रलोभन देकर या विवाह के जरिए धर्म परिवर्तन करवा देता है तो इस पूरी प्रक्रिया को लव जिहाद कहा जाता है। योगी सरकार ने 2017 के विधानसभा चुनाव में 'लव जिहाद' को चुनावी मुद्दा बनाया था। इसे रोकने के लिए 2020 में यूपी विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश पास किया था। 2021 में इसे विधानमंडल से पास कराकर विधिवत कानूनी जामा पहनाया गया था। तब इस कानून के तहत अधिकतम 10 साल की सजा और 50 हजार तक जुर्माना था। अब योगी सरकार ने इस कानून में संशोधन कर सजा व जुर्माने की दृष्टि से इसे बहुत मजबूत कर दिया है। इसमें पहले से परिभाषित अपराधों में सजा जहां दोगुनी तक बढ़ा गई है, वहीं नए अपराध भी शामिल किए गए हैं। नए प्रावधानों के तहत धोखे, कपट, बहला-फुसला कर धर्म परिवर्तन कराने व शादी करने पर अब 3 से 10 साल की जेल व 25 हजार रुपये जुर्माना होगा। पहले एक से पांच साल जेल व 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा था। नाबालिग, महिला (एससी-एसटी) संग अपराध पर अब पांच से 14 साल की जेल व एक लाख रुपये जुर्माना तथा अवैध ढंग से सामूहिक धर्म परिवर्तन कराने पर सात से 14 वर्ष की जेल तथा एक लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन के लिए फंडिंग को भी इस कानून के तहत अपराध के दायरे में लाया गया है। इसमें विदेशी संस्थाओं या किसी भी अवैध संस्था से हुई फंडिंग भी शामिल है। अगर कोई धर्म बदलावाने की नीयत से किसी व्यक्ति को जीवन या संपत्ति के भय में डालता है, हमला, बल प्रयोग या शादी करने का वादा करता है या इसके लिए षड्यंत्र करता है तो उसे आजीवन कारावास के साथ जुर्माना भी भरना होगा।

न्यायालय पीड़ित के इलाज के खर्च और पुनर्वास के लिए न्यायोचित धनराशि जुर्माने के रूप में तय कर सकेगी। कानून में एक और बदलाव करते हुए घटनाओं की सूचना देने वालों का दायरा भी बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है। पहले पीड़ित व्यक्ति, उसके माता-पिता, भाई-बहन या अन्य रक्त संबंधी, जिससे विवाह या दत्तक संबंध हो वह अपराध की सूचना दे सकता था। अब कोई भी व्यक्ति लिखित तौर पर इसकी सूचना पुलिस को दे सकेगा और उस पर जांच की जा सकेगी। कानून के तहत सभी अपराध गैर-जमानतीय बना दिए गए हैं। इनका विचारण सेशन कोर्ट से नीचे नहीं होगा। बिना लोक अभियोजक को अवसर दिए जमानत के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। लव जिहाद के मामले कई राज्यों से सामने आ चुके हैं। उत्तर प्रदेश से भी ऐसे कई मामले प्रकाश में आये हैं। अगर आंकड़ों के आलोक में बात की जाए तो पिछले कुछ समय से उत्तर प्रदेश में लव जिहादी तेजी से सक्रिय हुए हैं। हिंदू लड़कियों को प्यार के जाल में फंसा कर उनका धर्मांतरण कराने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। योगी सरकार लव जिहाद के मामलों को लेकर शुरू से ही सख्त रही है। इसके बावजूद मामले लगातारों में बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। उप्र में वर्ष 2021 से 30 अप्रैल 2023 तक 427 लव जिहाद के मामले दर्ज हुए हैं। 2021 में पारित धर्मांतरण कानून के जरिए प्रदेशभर में 833 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस की पूछताछ में 185 पीड़ितों ने जबरन धर्म बदलवाने की बात कबूली। इनके खिलाफ एक्शन लिया गया।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी



संकलित
**दर्शन**

केवल ज्ञान हमारी चेतना का उत्थान नहीं कर सकता है। अनुभव के बिना ज्ञान बिल्कुल वैसा ही है, जैसे कि बिना लक्ष्य की प्राप्ति हुए गधे पर बैठकर दौड़ना। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सीमित व्यक्ति नहीं, बल्कि ईश्वर का अभिन्न अंग हैं। शिव एक खाली स्थान की भांति, दिन और रात, सुख और दुख से अप्रभावित रहते हैं। शिव हमारे भीतर ही रहते हैं और भीतर से ही हमें आशीर्वाद देते हैं। यह वैसा ही है कि जिस प्रकार से बुरे स्वप्न से जागकर हमें यह पता चलता है कि हम सुरक्षित हैं। श्री रुद्रम को सुनने के बाद हमें हमारे वास्तविक स्वभाव के बारे में जागृति होती है, जो ईश्वर ही है। केवल धर्म संस्कार हमारा उत्थान नहीं कर सकते हैं। वास्तविक उत्थान भीतरी रूपांतरण, सरलता और ईश्वर के साथ अपने संबंध को पहचानने से होता है। शिव का सौंदर्य विविधता में मौजूद है। जिस प्रकार से सूर्य का प्रकाश सब जगह एक समान पड़ता है, वैसे ही शिव हर एक चीज में मौजूद है। जैसे - मिट्टी के गड्ढों में, घने जंगलों में, रेगिस्तान और पहाड़ों में, सब जगह पर शिव व्याप्त हैं। शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी। उनका प्रेम सबके लिए है, इसमें कोई शर्त नहीं है और जो जैसा है, उसे शिव वैसे ही स्वीकार करते हैं। हमारी प्रवृत्तियों में मौजूद शत्रु हमारे विकास में बाधा डालते हैं। शिव से जुड़ जाने से, उनकी भक्ति करने से ये सारे भीतरी शत्रु यानी बुराइयां समाप्त हो जाती हैं और हमें बाहरी जगत की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है।

## ब्रह्माजी को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव



संकलित
**प्रेरणा**

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अग्निवीर योजना पर राजनीति न हो

अग्निवीर का मुद्दा फिर सुर्खियों में है और इस पर राजनीति भी खूब हो रही है। इसकी एक वजह यह भी बताई जा रही है कि मोदी सरकार ने इस बार के आम बजट में अग्निवीरों के लिए पेंशन का ऐलान नहीं किया। लेकिन सवाल तो यह है कि दूसरे विभागों में भी अब पेंशन बंद कर दी है। कुछ राज्य, ज्यादातर जहां भाजपा की सरकारें हैं, वहां अग्निवीरों को रिटायरमेंट के बाद सरकारी विभागों की नौकरियों में आरक्षण देने की खबर भी है। लेकिन अग्निवीर केंद्र की योजना है, इसलिए इसके लिए कोई भी प्रावधान किया जाता है तो सभी राज्यों को उस पर अमल करना चाहिए। मोदी सरकार ने पिछली पारी में जब अग्निवीर योजना अमल में लाई थी, तब केंद्र में बहुमत की सरकार थी। अब ऐसा नहीं है, इसलिए कुछ कठिनाई अवश्य आएगी। फिर भी इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। - ***मोहन रावत, राजनांदगांव***

## ट्रेंड

### कितने एसटी और ओबीसी



मैं कांग्रेस पार्टी के नेताओं से पूछना चाहती हूं कि वे बताएं राजीव गांधी फाउंडेशन में कितने एससी, एसटी और ओबीसी हैं? इसके अलावा राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट के न्यासी बोर्ड में कितने एससी, एसटी और ओबीसी हैं? वे अब चुप क्यों हैं।

**-निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री**

### कानून बनाएगी सरकार



कोचिंग संस्थानों को स्कूलों की तरह रेगुलर किया जा सके। जिसमें कोचिंग सेंटर में क्या सुविधाएं दी जाएगी, फीस कितनी होगी? इस पर विस्तार से चर्चा हुई। दिल्ली सरकार जल्द ही इस संबंध में एक क़ानून लाएगी।

**-सौरभ भारद्वाज, आप नेता**

### विश्वास करना ठीक नहीं



संसद में ख़ासकर जाति जनगणना को लेकर कांग्रेस व बीजेपी में जारी तकरार नाटकबाज़ी तथा ओबीसी समाज को छलने की कोशिश, क्योंकि इनके आरक्षण को लेकर दोनों ही पार्टियों का इतिहास घोर ओबीसी-विरोधी रहा है। इन पर विश्वास करना ठीक नहीं।

**-मायावती, बसपा नेता**

### टेस्ट कराया जाना चाहिए



राहुल गांधी का ड्रग टेस्ट कराया जाना चाहिए। वह संसद में निरर्थक बयान देते हैं। वह संसद में कॉमेडी शो करते हैं। वह लोकतंत्र का सम्मान नहीं करते। वह लगातार संविधान को कमजोर करते हैं।

**-कंगना रानोत, भाजपा सांसद**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### ड्रोन हमले में बाल-बाल बचे सूडान के शीर्ष कमांडर

सूडान की सेना ने बुधवार को कहा कि उसके शीर्ष कमांडर जनरल अब्देल-फत्तह बुरहान देश के पूर्वी हिस्से में एक सैन्य समारोह को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले में बाल-बाल बचे। हालांकि, सेना ने बताया कि इस हमले में पांच लोग मारे गए। सेना की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, सैन्य समारोह के समापन के बाद पूर्वी सूडान के गेबेइट शहर में दो ड्रोन से हमला किया गया। सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल हसन इब्राहिम के अनुसार, हमले में सेना प्रमुख बुरहान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। सूडान में सेना और एक शक्तिशाली अर्धसैनिक समूह, रैपिड सपोर्ट फोर्सेज़ के बीच एक साल से अधिक समय से युद्ध जारी है। राजधानी खार्तूम में लड़ाई के बीच सैन्य नेतृत्व बड़े पैमाने पर लाल सागर तट के पास पूर्वी सूडान से काम कर रहा है। हत्या का प्रयास सूडान के अर्धसैनिक नेता के उस बयान के लगभग एक सप्ताह बाद हुआ है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह अगले महीने अमेरिका और सऊदी अरब द्वारा स्विट्जरलैंड में आयोजित संघर्ष-विराम वार्ता में हिस्सा लेने की योजना बना रहे हैं। रैपिड सपोर्ट फोर्सेज़ के प्रमुख जनरल मोहम्मद हमदान डागालो ने इस बात पर जोर दिया कि वार्ता सूडान में शांति और स्थिरता की दिशा में ''एक बड़ा कदम होगी तथा न्याय, समानता एवं संघीय शासन की बुनियाद पर आधारित एक नया राज्य स्थापित करेगी।''



## ऑफ बीट

### माताएं घरेलू कामों के बारे में अधिक सोचती हैं

जब आप घर के काम के बारे में सोचते हैं, तो आप संभवतः बर्तन साफ़ करना, सफाई करना, रात के खाने के लिए सब्जियां काटने के बारे में सोचते हैं। और यह कहना कोई नई बात नहीं है कि मांएं अक्सर इन अधिकांश गतिविधियों का बोझ उठाती हैं। लेकिन घरेलू श्रम का एक अदृश्य आयाम भी है जो पर्दे के पीछे प्रकट होता है और वह है संज्ञानात्मक प्रयास जो जरूरतों का अनुमान लगाने, योजना बनाने, व्यवस्थित करने और घरेलू कार्यों को सौंपने में जाता है। दूसरे शब्दों में, बर्तन धोने का साबुन बदलना और यह याद रखना कि कौन सी सब्जियां काटनी हैं। हमारे नए शोध में पाया गया कि गृहकार्य का यह ज्ञानात्मक आयाम, जिसे अक्सर मानसिक भार कहा जाता है, शारीरिक आयाम की तुलना में घर-परिवार में और भी अधिक असमान रूप से विभाजित होता है - और यह महिलाओं पर एक विशेष मानसिक स्वास्थ्य प्रभाव डालता है। महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य के बारे में हमारे द्वारा प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, जो माताएं संज्ञानात्मक घरेलू श्रम का अधिक अनुपातहीन हिस्सा लेती हैं, वे अवसाद, तनाव, रिश्ते में असंतोष और उकताहट के उच्च स्तर की रिपोर्ट करती हैं।





## देशभर में कांवड़ यात्रा की धूम

# पैरों पर छाले... जुबां पर भोले

**बोल बम... बोल बम का जयघोष**

**नई दिल्ली।** सावन का पवित्र महीना चल रहा है। देशभर में इन दिनों कांवड़ यात्रा जारी है। शिवभक्त कांवड़िये गंगाजल लेने के लिए कई किलोमीटर पैदल सफर तय कर रहे हैं। भगवान भोले के भक्त कांवड़ में जल लेकर अपने अराध्य की साधना करते हुए उन पर चढ़ा रहे हैं। आस्था और अनुशासन के उल्लास में बहती केसरिया लहर में बम भोले का जयघोष नभमंडल को भी स्पर्श कर रहा है। सावन के महीने में होने वाली इस यात्रा में आस्था के रंग भी दिखाई पड़ रहे हैं। यूपी, उत्तराखंड, झारखंड सहित पूरे देश में भक्तों की धूम है। भोलेनाथ की भक्ति कांवड़ियों के पैरों के छाले में दर्द पर भारी पड़ रही है। प्रभु की भक्ति में डूबे शिवभक्त शिवालयों की तरफ बढ़ रहे हैं। सेवक जगह-जगह कांवड़ शिविरों में कांवड़ियों की सेवा को अपना सौभाग्य मानकर चल रहे हैं। शिविरों में सेवा करते हुए वीआईपी भी देखे जा रहे हैं।





## खबर संक्षेप

### आर्मी मेडिकल सर्विस की पहली महिला डीजी

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर को बुधवार को आर्मी की मेडिकल सर्विस का



डायरेक्टर जनरल बनाया गया है। साधना 1 अगस्त से पदभार संभालते ही, इस पद पर काम करने cवाली पहली महिला बन जाएंगी। पिछले साल अक्टूबर में वायुसेना में एयर मार्शल पद पर प्रमोट किए जाने के बाद साधना को हॉस्पिटल सर्विसेस (आर्म्ड फोर्सेज) की डायरेक्टर जनरल (डीजी) बनाया गया था।

### ब्रिटेन में इस्लामिक उपदेशक को उम्रकैद

**लंदन।** ब्रिटिश और पाकिस्तानी दोहरी नागरिकता वाले कट्टरपंथी इस्लामिक उपदेशक अंजेम चौधरी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। उसे आतंकी संगठन का संचालन करने के लिए दोषी पाया गया है, जिसमें उसे 28 साल की सजा सुनाई गई है। अंजेम चौधरी को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन अल-मुहाजिरून (एएलएम) का संचालन करने और ऑनलाइन माध्यम से इसके प्रचार के लिए दोषी पाया गया। उसने इस संगठन की स्थापना 1996 में की थी और तब से वह संगठन के लिए काम कर रहा था।

### वाट्सएप को टक्कर देने पाक ने बनाया एप

**नई दिल्ली।** भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान ने दुनिया के सबसे पॉपुलर इंस्टैंट मैसेजिंग एप्लीकेशन वाट्सएप को टक्कर देने के लिए खुद का इंस्टैंट मैसेजिंग एप्लीकेशन लॉन्च किया है। पाकिस्तान के इस नए एप्लीकेशन का नाम बीप पाकिस्तान रखा गया है। बीप पाकिस्तान को पाकिस्तान की आईटी मिनिस्ट्री ने लॉन्च किया है। यह पाकिस्तान का पहला कम्यूनिकेशन एप्लीकेशन है। हालांकि इसे अभी सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध नहीं कराया गया है। फिलहाल इसे 30 दिन के ट्रायल पर रखा गया है।

## हमास चीफ इस्माइल हानिआ की हत्या से मिडिल ईस्ट में बढ़ा तनाव

# हमास, ईरान ने किया बदले का ऐलान, इजराइल के समर्थन में आया अमेरिका... उतारा जंगी बेड़ा

*इजराइल ने 24 घंटे के भीतर अपने दो दुश्मनों का सफाया कर दिया है। इजराइली सेना ने मंगलवार को बेरूत में हिजबुल्लाह के कमांडर फुआद शुकर को मार गिराया था। इसके एक दिन बाद यानी बुधवार की सुबह हमास के पॉलिटिकल चीफ इस्माइल हानिआ को ईरान में ढेर कर दिया। इन दोनों की मौत के बाद से मध्य पूर्व एशिया में हलचल मच गई है। खासतौर पर मुस्लिम वर्ल्ड ने इस हत्या की निंदा की है।*

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

तुर्कीये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगान ने इसे एक कायरता से भरा हमला कहा है। वहीं ईरान के सुप्रीम लीडर आयातुल्लाह अली ख़ामेनेई ने कहा कि आतंकवादी ज़ायोनी शासन ने हमारे घर में हमारे प्रिय मेहमान को शहीद कर दिया और यह दुख की घड़ी है उन्हें इसका अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। इधर, अमेरिका ने पलटवार पर इजराइल का साथ देने का ऐलान कर दिया है। अमेरिका ने नौ महीने में दूसरी बार अपने जंगी बेड़े को भूमध्य सागर में तैनात किया है। यूएसए ने उभयचर हमला जहाज यूएसएस वास्प और उस पर सवार नौसैनिकों को पूर्वी भूमध्य सागर में तैनात कर दिया है। अमेरिका ने तीन जंगी जहाजों यूएसएस वास्प, यूएसएस ओक हिल और यूएसएस न्यूयॉर्क को इस युद्धपोत पर तैनात किया है। अब दो टॉप कमांडरों की हत्या से मिडिल-ईस्ट में खलबली मची हुई है।



### जंग का बढ़ा खतरा

वहीं, अब एक बार फिर से मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया है और एक बड़ी जंग का खतरा बढ़ गया है। हालांकि, अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन का कहना है कि फिलहाल मध्य पूर्व में जंग का खतरा नहीं है। उन्होंने ये भी कहा कि अगर ईरान हमला करता है तो अमेरिका, इजराइल की मदद करेगा। कुछ जानकारों का मानना है कि ईरान इजराइल के साथ सीधी लड़ाई से बचेगा। इराक, सीरिया, लेबनान, गाजा पट्टी में कई चरमपंथी संगठनों को ईरान का समर्थन हासिल है, जिसे 'प्रॉक्सी' के रूप में जाना जाता है। अगर तनाव बढ़ता है तो इजराइल के खिलाफ ईरान प्रॉक्सी वॉर बढ़ा सकता है।

### ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने बनाई रणनीति

इसी साल अप्रैल में जब इजराइल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के कॉन्सुलेट पर हमला किया था, तो उसके बाद तनाव बढ़ गया था। बदले में ईरान ने इजराइल पर 300 से ज्यादा ड्रोन से हमला कर दिया था। लेकिन अब और भी बड़ी जंग का खतरा मंडराता दिख रहा है। उसकी वजह ये है कि इस्माइल हानिया की मौत ईरान के लिए भी बड़ा झटका है। हानिया ईरान का मेहमान था और वो उशकी सुरक्षा करने में नाकाम रहा है। माना जा रहा है कि ईरान इस पर जरूर पलटवार करेगा। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने कहा कि इस्माइल हानिया की मौत बेकार नहीं जाएगी। कनानी ने कहा, हानिया की शहादत ईरान, फिलिस्तीन और रेजिस्टेंस फोर्स का रिश्ता पहले ज्यादा मजबूत और अटूट बनाएगी। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, हानिया की मौत के बाद ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने एक बैठक बुलाई है।

#### मौजूदा तनाव का अहम असर

इस्माइल हानिया की मौत को 7 अक्टूबर के बाद सबसे अहम इजराइली ऑपरेशन माना जा रहा है। वैसे तो इस्माइल हानिया सैन्य रूप से महत्वपूर्ण नहीं था, लेकिन उसे इजराइल-हमास के बीच सीजफायर के लिए अहम व्यक्ति माना जाता था। सीएनएन के फॉरेन पॉलिसी एक्सपर्ट बराक रैविड का कहना है कि इस्माइल हानिया की मौत का असर इजराइल और हमास के बीच जारी बातचीत पर जरूर पड़ेगा। इससे गाजा में जारी इजराइल और हमास की जंग अब और खतरनाक हो सकती है।

# मोदी ने की ठाकुर के भाषण की तारीफ, कांग्रेस लाई विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**



■ भाजपा सांसद ने की थी राहुल की जाति पर टिप्पणी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर की टिप्पणी पर विवाद शांत होने की जगह और बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। कांग्रेस पार्टी ने बुधवार को पीएम मोदी के खिलाफ मंगलवार की लोकसभा कार्यवाही से बीजेपी सांसद ठाकुर का वीडियो शेयर करने को लेकर विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया। कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने लोकसभा के महासचिव को पीएम मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की शिकायत सौंपी है। ठाकुर के भाषण के कुछ हिस्सों को हटा दिया गया है। इसमें उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जाति को लेकर टिप्पणी की थी। ठाकुर लोकसभा में गांधी के देश में जातीय जनगणना की मांग को लेकर जवाब दे रहे थे।

**पीएम मोदी ने शेयर किया वीडियो :** पीएम मोदी ने ठाकुर का बयान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए लिखा कि मेरे युवा और ऊर्जावान सहयोगी अनुराग का यह भाषण अवश्य सुना जाना चाहिए। तथ्यों और हास्य का एक आदर्श मिश्रण, जो इंडी गठबंधन की गंदी राजनीति को उजागर करता है।

### ... तो कांग्रेस देश में जातिगत जनगणना कैसे कराएगी?



भाजपा ने जाति विवाद पर बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को घेरा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जाति वाले बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने सदन में किसी का नाम लेकर जाति नहीं पूछी थी। जब से यह सत्र आरंभ हुआ है एक चीज मैं देख रहा हूं कि 99 की संख्या और उनका अहंकार दिख रहा है। कल जाति पूछ लिया गया तो उनका इंसल्ट हो गया। जबकि किसी का नाम नहीं लिया गया, केवल एक ही व्यक्ति को बुरा लगा। संबित पात्रा ने कांग्रेस के जातीय सर्वे पर सवाल उठाते हुए पूछा कि राहुल गांधी का आरोप है कि उनकी जाति पूछी गई और यह अपमानजनक है, तो अगर राहुल गांधी की जाति पूछना अपमानजनक है तो फिर देशवासियों की जाति पूछना क्या अपमानजनक नहीं हैं?

## कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कार्यकर्ताओं से कहा

# माहौल कांग्रेस के पक्ष में, आएगा देश की राजनीति में बड़ा बदलाव

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को पार्टी को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए जीत का मंत्र दिया। सोनिया ने कार्यकर्ताओं को आगामी महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए तैयारी करने का निर्देश दिया। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष ने कहा, 'कुछ ही महीनों में चार राज्यों में चुनाव होने हैं। हमें लोकसभा चुनाव में पैदा हुई गति और सद्भावना को बरकरार रखना चाहिए। माहौल हमारे पक्ष में है, लेकिन हमें उद्देश्य की भावना के साथ एकजुट होकर काम करना होगा। मैं यह कहने का साहस करती हूं कि यदि हम लोकसभा चुनावों में देखे गए रुझान को जारी रखते हुए अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो राष्ट्रीय राजनीति में भी बदलाव आएगा।

**इस साल चार राज्यों में होने हैं विस चुनाव**



**समुदायों को बांट रही मोदी सरकार**

इस दौरान सोनिया ने मोदी सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "हमें लगता था कि मोदी सरकार लोकसभा चुनाव में लगे बड़े झटके से सही सबक लेगी। इसके बजाय, वह समुदायों को विभाजित करने और भय और शत्रुता फैलाने की अपनी नीति पर कायम है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने वायनाड में भूस्खलन में 100 से अधिक लोगों की मौत पर दुख जताया और प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जाहिर की। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय बजट में किसानों और युवाओं को नजरअंदाज किया गया है।

### आरएसएस को भी लिया निशाने पर

सोनिया गांधी ने उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा के मार्ग में दुकानदारों के नाम प्रदर्शित करने के शासनादेश से जुड़े विवाद का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए कहा कि सौभाग्य से उच्चतम न्यायालय ने सही समय पर हस्तक्षेप किया, लेकिन यह केवल एक अस्थायी राहत हो सकती है। उन्होंने दावा किया, "नौकरशाही को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति देने के लिए नियमों को अचानक बदल दिया गया। यह संगठन खुद को एक सांस्कृतिक संगठन कहता है, लेकिन पूरी दुनिया जानती है कि यह भाजपा का राजनीतिक और वैचारिक आधार है।"


## शोक संदेश



स्व. शंकरलाल चंद्राकर

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि श्री शंकरलाल चंद्राकर का देहावसान दिनांक 23.07.2024 दिन-मंगलवार को हो गया है। जिनका कार्यक्रम निम्नानुसार रखा गया है।

**कार्यक्रम**

दशगात्र : 01.08.2024, दिन- गुरुवार
कार्यक्रम स्थल : जवाहर नगर, दुर्ग (छ.ग.)

सौम्यता उनकी सुगंध थी, आनंद उनका जीवन था,
सत्कर्म उनकी शोभा और परोपकार उनका कर्तव्य था, धर्म को कभी भूलें नहीं,
ऐसी आपकी दिव्य आत्मा को ईश्वर शांति दे यही प्रार्थना है हमारी।

**शोकाकुल :-** जितेन्द्र, सूरज, बलदाऊ, हलधर, मिलन, कृष्णा, शत्रुघ्न, ईश्वर, हेमचंद, अंकित, महेश, सोनू, टीनू, प्रशांत, लक्ष्य, अनंत एवं समस्त तोरनमल चंद्राकर परिवार

**विनीत :-** श्रीमती अमरीका बाई चंद्राकर (पत्नी), देव चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर (पुत्र), गुमान चंद्राकर, डोगेन्द्र चंद्राकर (भाई)

जिन स्नेही सज्जनों को सूचना ना मिली हो कृपया इसे ही सूचना जानें


**बजट में 6922 करोड़ मिलने पर रेल मंत्री का जताया आभार**

# छत्तीसगढ़ में रेलवे के विकास हेतु केंद्र सरकार प्रतिबद्ध : पांडेय

**डोंगरगढ़-कटघोरा नयी रेल लाइन को गति प्रदान करने की बात भी रखी**




**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

लोकसभा के जारी बजट सत्र के दौरान राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से सांसद संतोष पांडेय ने रेल के क्षेत्र में विकास हेतु छत्तीसगढ़ राज्य को प्राप्त 6922 करोड़ के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि साल 2009 में छत्तीसगढ़ राज्य को दक्षिण पूर्व मध्य रेल के माध्यम केन्द्रीय बजट में मात्र 311 करोड़ की राशि प्राप्त हुई जबकि साल 2024 में 6922 करोड़ प्राप्त हुए है, बजट में 22 गुना वृद्धि कर रेल के क्षेत्र में विकास को गति प्रदान करने में केंद्र की मोदी सरकार हमेशा से प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने आगे बताया कि राज्य के 32 रेलवे स्टेशन को अमृत स्टेशन योजना में शामिल कर नवीनीकरण व उन्नयन का कार्य जारी है, साथ ही 37018 करोड़ की लागत से 25 नयी रेल परियोजनाओ पर कार्य जारी है। छत्तीसगढ़ राज्य में 141 ओवर ब्रिज व अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है जिसमे से 14 राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से है। डोंगरगढ़ से कटघोरा नवीन रेल लाइन को गति प्रदान करने के विषय को सदन में रखते हुए सांसद ने बताया कि इस नवीन रेल लाइन का जल्द निर्माण कार्य चालू होने आवश्यक है जिससे मुंबई हावड़ा मेन लाइन पर रेल ट्रैफिक का दबाव थोडा कम होगा, मालगाड़ियों का परिवहन नवीन रेल लाइन से करने पर वर्तमान में ट्रेनों के समय से चलाये जाने में सहयोग प्राप्त होगा।

### डबल इंजन की सरकार का प्रभाव

नवीन रेल लाइन के निर्माण में डबल इंजन की सरकार का प्रभाव भी देखने मिला है जिसमे रेल मंत्रालय ने 500 करोड़ और छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार ने 300 करोड़ का बजट प्रावधान किया है। सांसद पांडेय ने राजनांदगांव और डोंगरगढ़ स्टेशन में पूरी-गाँधीधाम, पूरी-अजमेर, भगत की कोठी, डोंगरगढ़-रायपुर लोकल मेमू सहित अन्य ट्रेनों के ठहराव की मांग भी सदन के माध्यम से रखी है। सांसद पांडेय ने प्रधानमंत्री मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार रेल के साथ ही साथ सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास की ओर सदैव अग्रसर है।


बी एच ई एल BHEL

## सपनों को करे साकार नवप्रवर्तन को प्रेरणा अपार



**30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन और समेकित अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश** (₹करोड़ में)

| क्र.सं. | विवरण | स्टैंडएलोन: 03 माह समाप्त 30.06.2024 (अनंकेक्षित) | स्टैंडएलोन: 03 माह समाप्त 30.06.2023 (पुनः कहा गया)^ (अनंकेक्षित) | स्टैंडएलोन: समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) | कंसोलिडेटेड: 03 माह समाप्त 30.06.2024 (अनंकेक्षित) | कंसोलिडेटेड: 03 माह समाप्त 30.06.2023 (पुनः कहा गया)^ (अनंकेक्षित) | कंसोलिडेटेड: समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 5484.92 | 5003.43 | 23892.78 | 5484.92 | 5003.43 | 23892.78 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादत्मक मदों से पूर्व) | (280.11) | (283.94) | 220.33 | (293.20) | (292.27) | 178.68 |
| 3 | कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक मदों एवं समेकित परिणामों में संयुक्त उद्यमों के निवल लाभ/(हानि) के शेयर के बाद) | (280.11) | (283.94) | 220.33 | (278.99) | (276.16) | 242.66 |
| 4 | कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) | (212.52) | (212.48) | 259.89 | (211.40) | (204.70) | 282.22 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय {अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल} | (236.35) | (224.66) | 177.48 | (235.00) | (216.84) | 199.67 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 |
| 7 | अन्य इक्विटी | 23917.83 | 23891.32 | 24154.18 | 23507.24 | 23465.01 | 23742.24 |
| 8 | निवल मूल्य | 24614.24 | 24587.73 | 24850.59 | 24203.65 | 24161.42 | 24438.65 |
| 9 | प्रति शेयर मूल तथा डाइल्यूटेड अर्जन | (0.61) | (0.61) | 0.75 | (0.61) | (0.59) | 0.81 |
| 10 | पूंजी विमोचन रिजर्व | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 |

^ पुनः उद्धृत संदर्भ नोट – 4

नोट :
1. वर्तमान अवधि के वर्गीकरण के अनुरूप, जहां भी आवश्यक समझा गया, आंकड़ों को पुनः समूहीकृत/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।
2. उपरोक्त परिणाम लागू सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अनुसार तैयार किए गए हैं। इन परिणामो की समीक्षा ऑडिट समिति द्वारा की गई है। और निदेशक मंडल द्वारा 31.07.2024 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किया गया है।
3. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही और वार्षिक लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों: www.nseindia.com और www.bseindia.com पर और कंपनी की वेबसाइट: www.bhel.com के "वित्तीय सूचना" अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध है।
4. 30.06.2023 को समाप्त अवधि के वित्तीय विवरण को अनुबंध परिसंपत्तियों के संबंध में अपेक्षित क्रेडिट हानियों की गणना करते समय धन का समय मूल्य (टाइम वैल्यू ऑफ मनी) को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 2023–24 में कंपनी द्वारा लेखांकन नीति में बदलाव के अनुरूप बहाल किया गया है। समायोजन का प्रभाव अन्य खर्चों (प्रावधान और राइट ऑफ) में 186 करोड़ रुपये की कमी और कर व्यय (स्थगित कर) में 46.81 करोड़ रुपये की वृद्धि है।
5. उपरोक्त रिपोर्टिंग अवधि के लिए, प्रतिभूति प्रीमियम खाता, ऋण पूंजी, वरीयता शेयर, डिबेंचर मोचन रिजर्व, ऋण इक्विटी अनुपात ऋण सेवा कवरेज अनुपात और ब्याज सेवा कवरेज अनुपात के संबंध में जानकारी शून्य/एनए है। लिस्टिंग विनियमों के विनिमय 52 (4) में संदर्भित अन्य लाइन आइटमों के लिए प्रासंगिक खुलासे स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों www.nseindia.com और www.bseindia.com पर व कंपनी की वेबसाइट www.bhel.com के "वित्तीय सूचना" अनुभाग के तहत किए गए हैं।

कृते भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
हस्ता/–
(के. सदाशिव मूर्ति)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 31.07.2024

शेयरधारकगण इस संबंध में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट (www.nseindia.com), बीएसई वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा हमारी वेबसाइट (www.bhel.com) पर निवेशक संबंध पेज का अवलोकन कर सकते हैं।

**भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड**
सीआईएन: L74899DL1964GOI004281
पंजीकृत कार्यालय: बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली–110049 फोन नं.: 011–66337598, ई–मेल: shareholderquery@bhel.in
www.bhel.com BHELOfficial BHEL_India BHEL_India bhel.india company/bhel




*प्रगति को गति ... जीवन को ज्योति भारत के हर घर से जुड़ा*

## जैकेट के शेष

### संघ में केवल कुर्सी .....
है। राज्य से दो लोग ओलंपिक में शामिल होने गए हैं, लेकिन ये खिलाड़ी नहीं ऑब्जर्वर के रूप में वहां पहुंचे हैं। इससे भी बड़ी बात ये है कि छत्तीसगढ़ से आज तक कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में नहीं गया है, जो इक्का दुक्का लोगों को यह मौका भी मिला है वे रेलवे या अन्य विभागों के खिलाड़ी के रूप में शामिल हो पाए हैं।

### क्यों नहीं बन .....
पर क्वालीफाई करते हैं। जो व्यक्तिगत खेल है उसके लिए खिलाड़ी को खुद ही प्रयास करना होता है। बच्चों के साथ उनके पालकों को भी जुटना पड़ता है। हमारे प्रदेश में अभी स्थिति ये है कि हम लोग नेशनल गेम्स भी नहीं करा पा रहे हैं।

### अब खोली जा ...
कम से कम पांच या छह साल लग सकते हैं। रायपुर में भी हॉकी की आवासीय एकेडमी बन रही है।

### खेलों के लिए .....
ओलंपिक में कोई नहीं गया। राज्य सरकार हर साल जो खेल अलंकरण पुरस्कार देती है वह भी नॉन ओलंपिक खेलों के लिए होता है। ऐसे में ओलंपिक के खिलाड़ी कैसे तैयार हो पाएं। हाल ही में रायपुर आए केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि पीपी मॉडल पर खेलों का विकास किया जाए।

### सिसकियों का सैलाब....
शिनाख्त कर ली गयी है और 123 शवों का पोस्टमार्टम कर लिया गया है। यहां एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि बरामद शवों को मेप्पाडी स्वास्थ्य केंद्र और नीलाम्बुर सरकारी अस्पताल में रखा जा रहा है। थलसेना, नौसेना और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के बचाव दल मलबे में दबे लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं। सैन्य कर्मियों ने बुधवार को तलाश एवं बचाव अभियान तेज कर दिया। भारी इंजीनियरिंग उपकरण तथा खोजी श्वान दलों को हवाई मार्ग से लाया गया है और भारतीय तट रक्षक (आईसीजी) ने मंगलवार को आपदा राहत दलों को भेजा। भारतीय सेना त्वरित एवं प्रभावी राहत कार्यों के लिए राज्य प्राधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही है।

### सीएम साय देंगे 70 लाख ...
संचालन के लिए वित्तीय समावेशन के तहत 100 करोड़ का बैंक लोन का भी वितरित करेंगे। कार्यक्रम में शहीद गुण्डाधूर की प्रतिमा के माल्यार्पण के साथ ही नारी शक्ति से जल शक्ति रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। मुख्यमंत्री एक पेड़ माँ के नाम महावृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर महतारी वंदन योजना के हितग्राही के साथ ही उद्योग विभाग, श्रम विभाग सहित अन्य विभाग के हितग्राहियों को भी सामग्री वितरण किया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम महा वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में 2 करोड़ 75 लाख पौधों का रोपण एंव वन विभाग द्वारा वन एवं वनेत्तर क्षेत्रों में 3 करोड़ 95 लाख 85 हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है।

### विकास कार्यों का लोकार्पण....
इसी प्रकार जिला अस्पताल (महारानी अस्पताल) परिसर में डीएमएफटी मद के तहत 1 करोड़ 72 लाख 76 हजार की लागत से स्थापित माडुलर किचन एवं सामग्री युक्त अन्नपूर्णा रसोईघर का लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही महारानी लक्ष्मी बाई अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का भी शुभारंभ किया जाएगा।

### महतारी वंदन एप...
हितग्राही को उसे प्राप्त हो रहे लाभ त्याग करना हो तो भी मोबाईल ऐप के माध्यम से लाभ त्याग कर सकेगी।

### स्कूल में पिस्तौल लेकर ...
ने उसी स्कूल में कक्षा तीन में पढ़ने वाले 10 वर्षीय एक लड़के पर गोली चला दी। गोली उसके हाथ में लगी। एसपी ने कहा, घायल लड़के को अस्पताल ले जाया गया। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि लड़के के पास पिस्तौल कैसे आई और वह उसे अपने बैग में लेकर कैसे स्कूल में दाखिल हुआ। उन्होंने कहा, जिले के सभी स्कूलों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा जा रहा है कि छात्रों के बैग की नियमित आधार पर अच्छी तरह से जांच की जाए। इस घटना से माता-पिता और अभिभावकों की चिंता काफी बढ़ गई है। सुपौल पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, स्कूल संचालक से पूछताछ की जा रही है और घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### अच्छी फसल और मन्नत ...
मन्नत मांगते हैं। मन्नत पूरी होने पर ग्रामीण बलि पूजा में शामिल होते हैं। जात्रा मेले में ग्रामीणों व पशुओं पर किसी तरह का संकट न आए और अच्छी फसल के उद्देश्य से देवों व देवियों का आह्वान किया जाता है। कई दफे ऐसा भी होता है कि मन्नत मांगने के कुछ ही समय में उनकी मनोकामना पूरी हो जाती है, जिसके बाद वार्षिक पूजा में शामिल होकर भक्तिभाव से पूजा अर्चना करते हैं। कहते हैं कि जमीन जायदाद विवाद, कोर्ट कचहरी की दिक्कतें, चोरी आदि के शिकायत की अपील देवों, देवताओं से की जाती है। इसके बाद देवी-देवता इस पर अपना न्याय देते हैं, जो सभी को मान्य होता है। अटके काम पूरी होने पर श्रद्धालु धारणी देवी की पूजा अर्चना करते हैं। मुख्य पुजारी भजन व सहायक पुजारी बनसिंह व ग्राम प्रमुखों ने बताया कि तीन वर्ष में एक बार गांडा देव, गजा देव, धारणी देवी व भैरम देव की पूजा के लिए टलनार में मेला लगता है। वहीं प्रति वर्ष दुलारदेई व बंसती माता का मेला लगता है। इसमें दूरदराज से श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए आते है और मन्नत पूरी होने के बाद श्रद्धाभाव से बलि पूजा में शामिल होकर हर संभव सहयोग करते है। टलनार में प्रति वर्ष व तीन वर्ष में एक बार होने वाले पूजा में शामिल होने के लिए टलनार व आसपास के दर्जनों गांव के अलावा पड़ोसी जिला व राज्यों से भी श्रद्धालु शामिल होते है। इस वर्ष पूजा में शामिल होने कोंडागांव, बारसूर, आमाबाल, नवरंगपुर ओडिशा, जगदलपुर व उत्तरप्रदेश से श्रद्धालु मनोकामना पूरी होने के बाद पूजा में शामिल होने पहुंचे थे। ग्रामीणों का अपना बजट : प्रति वर्ष व तीन वर्ष में लगने वाले जात्रा पूजा के लिए गांव के प्रमुखों द्वारा बैठक कर बजट बनाया जाता है। बजट के अनुरूप सभी परिवारों को एक निश्चित राशि जमा करना होता है, जिसके बाद बलि व पूजा की व्यवस्था की जाती है। हालांकि आर्थिक रूप से सम्पन्न ग्रामीण सहयोग राशि में 5 सौ से 1 हजार रुपए तक देते है, लेकिन बजट के अनुसार सभी परिवार को लगभग 1 सौ रुपए बजट समिति के पास जमा करना होता है।

**पुरानी परंपरा व आस्था के अनुरूप**: पुरानी परंपरा व आस्था के अनुरूप प्रतिवर्ष देवी व देवताओं का आह्वान कर पूजा-अर्चना कर बलि दी जाती है। यह बातें गांव के प्रमुख धारणी पुजारी भजन, माता मंदिर पुजारी मनसिंह, मां दुलारदेई मंदिर के पुजारी बनसिंह व ग्राम प्रमुख वनवासी सेठिया, श्यामलाल मांझी, गंगाराम कश्यप, नरसिंह पुजारी, जानकीराम भारती, तुलाराम भारती, संजय सेठिया, बली राम, दशरू राम, सगराम सिन्हा, बलिराम, सुधन, नंदोराम नाग, वासुदेव, गंगाराम, राजिम सेठिया, मधुराम कही।

# यूक्रेन युद्ध की वजह से 'तरंग शक्ति-24' युद्धाभ्यास में भाग नहीं लेगी रूस की वायुसेना

## वायुसेना अगस्त और सितंबर महीने में दो चरणों में देश में करेगी इस युद्धाभ्यास का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



घरेलू और वैश्विक चुनौतियों के बीच भारतीय वायुसेना द्वारा अगस्त और सितंबर महीने में पहले बहुराष्ट्रीय 'तरंग शक्ति-24' युद्धाभ्यास का आयोजन किया जाएगा। इसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन और मिस्र समेत दुनिया के 51 देशों की वायुसेनाएं अपने लड़ाकू विमानों और अन्य युद्धक सामग्री के साथ भाग लेंगी। लेकिन यूक्रेन के साथ जारी युद्ध की वजह से इस बार रूस की वायुसेना तरंग शक्ति युद्धाभ्यास में शामिल नहीं होगी। यह जानकारी बुधवार को उप-वायुसेनाप्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने राजधानी में इस युद्धाभ्यास के पूर्व में आयोजित किए गए एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि हमने दुनिया के 51 देशों की वायुसेनाओं को इस व्यापक अंतरराष्ट्रीय युद्धाभ्यास में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। इसमें रूस भी शामिल है। लेकिन वो इस बार युद्धाभ्यास में भाग नहीं लेंगे। क्योंकि उनका अपने ही देश में एक विवाद (यूक्रेन युद्ध) जारी है और वो उसमें उलझे हुए हैं।

### तेजस और एलसीएच दिखाएंगे युद्धक क्षमता
भारतीय वायुसेना के हल्के युद्धक विमान (एलसीए) तेजस, आकाश मिसाइल सिस्टम, हल्के युद्धक हेलिकॉप्टर प्रचंड के अलावा बल की अन्य मारक हथियार प्रणाली युद्धाभ्यास का हिस्सा होगी। वायुसेना के लड़ाकू विमान मौजूदा दौर में एक लंबी यात्रा के जरिए अमेरिका के अलास्का में आयोजित किए गए रेड फ्लैग अभ्यास में भागीदारी के बाद स्वदेश पहुंचे हैं। इसके साथ ही वो तरंग शक्ति में भागीदारी करेंगे। उप वायुसेनाध्यक्ष ने वायनाड में भूस्खलन से जुड़े एक प्रश्न के जवाब में कहा कि वायुसेना के हेलिकॉप्टर राहत अभियान में लगे हुए हैं।

## भारी बारिश से दिल्ली बनी दरिया, आज बंद रहेंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार शाम को हुई मूसलाधार बारिश के कारण शहर की सड़कें नदी बन गईं। प्रमुख सड़कों पर भीषण जाम लग गया और लोग बीच रास्तों में फंस गए। शहर के मुख्य मौसम केंद्र सफदरजंग में शाम 5:30 बजे से रात 8:30 बजे के बीच 79.2 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि मयूर विहार में 119 मिमी, दिल्ली विवि में 77.5 मिमी, पूसा में 66.5 मिमी, और पालम वेधशाला में 43.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। बड़े पैमाने पर जलभराव के कारण यातायात पुलिस ने एक परामर्श जारी किया, जिसमें लोगों से कुछ सड़कों पर जाने से बचने को कहा गया। पुलिस ने बताया कि मूलचंद से चिराग दिल्ली की ओर जाने वाले मार्ग, अणुव्रत मार्ग, आउटर रिंग रोड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग और महात्मा गांधी मार्ग सहित अन्य प्रमुख सड़कों पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई।


**कार्यालय लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, पण्डरिया, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**
Email: Lspsskm@gmail.com

**ई-निविदा सूचना** Contact No. 07987900070, 09907575796

ई-निविदा सूचना क्रमांक- 156945, 156946, 156947, 156949, 156971, 156972
दिनांक 31.07.2024

2500 टी.सी.डी. शक्कर कारखाना पण्डरिया में ई-निविदा सूचना क्रमांक 156945 विभिन्न इंजीनियरिंग सामग्री क्रय हेतु (नॉन एथोराईज्ड डीलर सामाग्री), ई-निविदा सूचना क्रमांक 156946 मिल रोलर रिसेलिंग कार्य, ट्रूस प्लेट, स्क्रेपर प्लेट क्रय हेतु ई-निविदा सूचना क्रमांक 156947 स्क्रेप भंगार विक्रय हेतु ई-निविदा सूचना क्रमांक 156949 इंजीनियरिंग सामग्री क्रय हेतु (एथोराईज्ड डीलर सामाग्री), ई - निविदा सूचना क्रमांक 156971 जुट बेग सामग्री क्रय हेतु एवं ई-निविदा सूचना क्रमांक 156972 पी. पी. बेग सामग्री क्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मो / निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर अलग-अलग ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/- रू. (1000/- रु. + 311/- रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) में फार्म Upload किया जाना हैं।

निविदा की शर्तें व नियम निविदा प्रपत्र कारखाने के वेब साइट WWW.Lspssk.co.in में भी अवलोकन कर सकते हैं।

महाप्रबंधक (प्रशा.)


## पेज एक के शेष

### नोनी, बाबू के साथ 'अंधरी'...
तालाब, अंधरी तालाब, कोयली पुरैना, बिलखपुर, नगउ तालाब, नवा तालाब में अतिक्रमण हो गया है। 100 एकड़ का बंधवा तालाब अब आधे रकबे में सिमट गया है। इसी प्रकार मया सागर, तेंदु डबरी, बूंदी रमचंदा, रामसागर, मजीटहा, मानिकबंद तालाब भी अतिक्रमणकारियों के चपेट में है। ऐसा भी नहीं है कि इन तालाबों में हुए अतिक्रमण की जानकारी शासन-प्रशासन को न हो। नगर पंचायत प्रशासन के अपने आंकड़ों में जो जानकारी दी गई थी उसके आधार पर एनजीटी के प्रकरण क्रमांक ओए 78/2024 अंतर्गत नगरीय निकाय के जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से प्रदेश के 122 में से बलौदा नगर पंचायत अंतर्गत इन 14 तालाबों में हुए अतिक्रमण को मुक्त कराने नगरीय प्रशासन विभाग ने संबंधित नगर पंचायत प्रशासन को 12 जुलाई को आदेश किया है। लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

### जुनेजा के डीजीपी बने रहने के...
डीजी रहे हैं और इस वक्त नक्सल मोर्चे पर सफलताएं मिल रही हैं। छत्तीसगढ़ में डीजीपी और डीजी का एक कॉडर और 2 एक्स कॉडर पद है। राज्य में अशोक जुनेजा के अतिरिक्त डीजी पद का कोई दूसरा अफसर नहीं था। एडीजी से डीजी पद पर पदोन्नति के लिए डीपीसी में अरुण देव गौतम और हिमांशु गुप्ता के नाम को हरी झंडी मिली। डीजी बनने की दौड़ में शामिल पवन देव का नाम विभागीय जांच की वजह से लिफाफा बंद कर दिया गया था, लेकिन पद खाली रखा गया था। इस बीच राज्य सरकार ने पवन देव का लिफाफा खोल दिया और उन्हें भी डीजी प्रमोट कर दिया गया है। पवन देव इस वक्त राज्य में मौजूद आईपीएस अफसरों में सबसे वरिष्ठ हैं। अरुण देव और पवन देव दोनों ही 1992 बैच के हैं, लेकिन वरिष्ठता क्रम में पवन देव ऊपर हैं। ऐसे में जब भी डीजीपी के लिए जो पैनल भेजा जाएगा उसमें सबसे ऊपर पवन देव का नाम होगा, इसके बाद अरुण देव और फिर हिमांशु गुप्ता का।

### नक्सल मोर्चे पर सफलता...
लेकर जल्दबाजी में नहीं है। इस बीच छत्तीसगढ़ मे साय सरकार बनने के बाद नक्सल मोर्चे पर सरकार को एक के बाद एक लगातार सफलताएं मिल रही हैं। नक्सली बैकफुट पर हैं और उनका कैडर टूट रहा है। लगातार नक्सली सरेंडर कर रहे हैं या मारे जा रहे हैं। वह भी एक बड़ी वजह मानी जा रही है कि सरकार हाल फिलहाल अशोक जुनेजा को बदलने के मूड में नहीं है।

### विद्युत कंपनी के 4000 से...
है। उल्लेखनीय है कि जिस नियम के अनुसार विद्युत कंपनी के अधिकारियों को प्रमोशन दिया गया है। उसके अनुसार 12 प्रतिशत एससी और 32 प्रतिशत एसटी का भी आरक्षण है। विद्युत कंपनी एम नागराज के प्रकरण पर सुप्रीम कोर्ट पर 7 जजों की बेंच ने वर्ष 2006 में पदोन्नति मात्रात्मक आंकड़ों के आधार पर जारी करने के निर्देश दिए थे। जिसमें अनुसूचित जाति, जनजाति का पदों पर प्रतिनिधित्व व विभाग की क्षमताओं पर पड़ने वाले असर को देखा जाना था। इसी के आधार पर छग विद्युत कंपनी के मुख्य अपीलकर्ता विष्णु प्रसन्न तिवारी और आशीष अग्निहोत्री ने हाईकोर्ट में अपील की। हाईकोर्ट ने विद्युत कंपनी के सामान्य प्रशासन विभाग को मात्रात्मक आंकड़ों के आधार पर दोबारा रोस्टर बनाने का निर्देश किया। अक्टूबर वर्ष 2019 में सामान्य प्रशासन विभाग ने मनमाने तरीके से नई अधिसूचना जारी कर दी और नया रोस्टर बना दिया। इसके बाद विभाग के अधिकारियों ने हाईकोर्ट में दोबारा अपील की। तब हाईकोर्ट ने पदोन्नति में आरक्षण के नियम 5 को निरस्त कर पदोन्नति नियम 2003 के आधार पर प्रमोशन जारी करने का निर्देश दिया है। इसके अनुसार वरिष्ठता सूची के अनुसार ही प्रमोशन दिया जाएगा। जिन्हें पदोन्नत किया गया है रिवर्ट किया जाएगा। पदोन्नति देते समय कहा गया था कि बाद में किसी प्रकार की अपील आने पर इसे रिवर्ट किया जा सकता है। ऐसे में अब विद्युत कंपनी के लगभग 4 हजार अधिकारियों को वापस उनके मूलपद पर भेजा जा सकता है। विद्युत कंपनी के आला अधिकारियों ने इस मामले को लेकर कंपनी के चेयरमेन के सामने प्रेजेंटेशन देने के लिए रिपोर्ट तैयार कर लिया है। आने वाले दिनों में चेयरमेन के समक्ष कंपनी के अधिकारी प्रेजेंटेशन देंगे।

**हाईकोर्ट ने जारी किया आदेश** : विद्युत कंपनी में पदोन्नति मामले को लेकर हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया है। जिसके बाद अब पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों को रिवर्ट किया जा सकता है। कंपनी में पूर्णकालिक चेयरमैन नहीं होने के कारण अधिकतर कार्य रुके हुए हैं।

**-आरएस जायसवाल**, राष्ट्रीय महामंत्री बीएमएस

**प्रबंधन के निर्णय का इंतजार** : विद्युत कंपनी में पदोन्नति मामले को लेकर हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया। जिसके बाद विद्युत कंपनी ने भी आदेश निकाला है। प्रमोशन आदेश में ही कंपनी द्वारा पदोन्नत कर्मियों को रिवर्ट किए जाने का उल्लेख किया गया था। अब देखना यह है कि इस मामले में कंपनी प्रबंधन क्या निर्णय लेता है।

**-आरसी चेट्टी**, महासचिव छग विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन-01

### डेका ने छत्तीसगढ़ के 10वें...
हम काम करेंगे। केंद्र और राज्य के बीच फैसिलिटेटर की भूमिका निभाएंगे, ताकि प्रदेश का विकास तेजी से हो। उन्होंने कहा, वे असम और छत्तीसगढ़ के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए भी काम करेंगे। उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदेश के विकास को लेकर है। इस अवसर पर प्रथम महिला रानी डेका काकोटी उपस्थित रहीं। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिवादन किया और शुभकामनाएं दी।

**मंत्री नेताम के गृह प्रवेश कार्यक्रम में हुए शामिल** : राज्यपाल रमेन डेका सेक्टर-24 नवा रायपुर स्थित आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम के निवास के गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए।

### गाड़ी की रफ्तार से...
तेजिंदर, हरविंदर, परविंदर और सरबजीत की जमानत याचिका खारिज कर दी। यही नहीं अदालत ने मनुज कथूरिया की गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर जांच अधिकारी से जवाब तलब किया। मामले की अगली सुनवाई 7 अगस्त को होगी।


**न्यायालय तहसीलदार खैरागढ़, जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ब-121, वर्ष 2023-24

एतद द्वारा ग्राम खमतराई प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. भूलाटोला तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (संचा/संधा) संभाग खैरागढ़ के अंतर्गत जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के आसपास के क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रखने लो-वोल्टेज की समस्या एवं भविष्य में विद्युत कटौती की समस्या का निराकरण करने हेतु ग्राम खमतराई में स्थित भूमि ख.नं. कुल 06 कुल रकबा 10.449 हे. में से 2.00 एकड़ भूमि को 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र के निर्माण हेतु आबंटित किये जाने जांच प्रतिवेदन हेतु पत्र प्राप्त हुआ है।

उपरोक्तानुसार ग्राम खमतराई प.ह.नं. 40 स्थित भूमि ख.नं. कुल 06 कुल रकबा 10.449 हे. में से 2.00 एकड़ भूमि को 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र के निर्माण हेतु आबंटित किये जाने में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे पेशी दिनांक 13/08/2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत कालावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 30/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 30/07/2024
सुनवाई दिनांक 13/08/2024

मुहर

तहसीलदार
खैरागढ़ (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पंचायत चारामा, जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

**-:: प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ( मैनुअल) ::-**

**Main Portal: https://.cgstate.gov.in**

क्रमांक 1995 / लो.नि.वि./न.पा./2024 चारामा दिनांक 31/07/2024

नगर पंचायत चारामा क्षेत्रान्तर्गत अध्यक्ष पार्षद/ निकाय/ अन्य निधि एवं समग्र शिक्षा योजनान्तर्गत टोवाल एवं शौचालय निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी अंतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ ठेकेदारो से मुहरबंद निविदायें तीन लिफाफा पद्धति से केवल स्पीड पोस्ट/ पंजीयन डाक के माध्यम से निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। आवेदन पत्र के साथ निविदा शर्तों में उल्लेखित आवश्यक दस्तावेजो की सत्यापित प्रति जमा किया जाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग आवेदन शुल्क 100/- रुपये जमा करना होगा।

(01) निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि -14/08/2024 को सायं 5.00 बजे तक।
(02) कोरा निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 19/08/2024 को सायं 5.00 बजे तक।
(03) निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 22/08/2024 को दोपहर 3.00 बजे तक।
(04) निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 22/08/2024 को समय 4.00 बजे से।

उपरोक्त कार्यों हेतु निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय में कार्यालयीन समय पर आकर या विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in पर प्राप्त कर सकते है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत चारामा जिला
उ.ब. कांकेर



**कार्यालय नगर पालिका परिषद खैरागढ़, जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

क्रमांक/368/टेण्डर/न.पा.प./लो.नि.वि./2024 खैरागढ़ दिनांक 31/07/2024

**-:: मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत निर्माण कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती है -

| क्रमांक | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य (कुल 57 कार्य) | 239.00 | 21.08.2024 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद खैरागढ़



**OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION, BILASPUR (C.G.)**

**E-procurement Tender Notice**

Nit No. 21/NN/Electrical Dep./2024-25 Bilaspur Date 30/07/2024

Online percentage rate tenders in Form 'A' Application are invited from those contactors registered in **D & above** class in new registration system 'Unified Registration System' (e-Registration) with Chhattisgarh P.W.D. State Governments and their undertaking/firms of repute having **"A" class Electrical License** issued by Chhattisgarh Govt. registered on UADD website https://eproc.cgstate.gov.in on behalf of the Bilaspur Municipal Corporation for following works in **S.O.R. issued by Engineer In Chief PWD Electrical work SOR 01/06/2020 & Road SOR 01/01/2015.**

| System Tender No. | Name of works | Probable Amount of Contract (in Lacs) | Online Tender Submission Due Date |
|---|---|---|---|
| 156881 | Supply and installation of LED Street light at Various Ward of Nagar Nigam Bilaspur. | 50.00 | 23/08/2024 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** from **02/08/2024** at 17:31 Hours. (IST) on wards.

Green City, Clean City - Dream City.

Executive Engineer
Municipal Corporation, Bilaspur (C.G.)



**कार्यालय नगरपालिका परिषद कोण्डागांव, जिला- कोण्डागांव (छ.ग.)**
Fax No. - 07786-242230 Email-cmokondagaon.2010@rediffmail.com

**//मैनुअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना//**

क्रमांक/1237/ न.पा./ लो.नि.शा./2024 कोण्डागांव, दिनांक 30/07/2024

एतद् द्वारा नगर पालिका परिषद् कोण्डागांव हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों से नगरपालिका परिषद् कोण्डागांव द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण निम्नानुसार है:-

(1) निविदा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 16.08.2024 को समय 05.00 बजे तक ।
(2) परीक्षण उपरान्त निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि - 23.08.2024 को समय 05.00 बजे तक ।
(3) निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 03.09.2024 को समय 04:00 बजे तक।
(4) निविदा प्रपत्र खुलने की तिथि - 03.09.2024 को समय 05.00 बजे तक।

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनु. लागत (लाखों में) | अमानत राशि (F.D.R) | निविदाकार की श्रेणी | निविदा फार्म / डी.डी. की राशि | निविदा फार्म |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वार्षिक निविदा सत्र 2024 - 25 हेतु स्टेशनरी सामग्री क्रय | 20.00 | 60000.00 | सक्षम श्रेणी | 1000.00 | फार्म "एबीसी" |
| 2 | वार्षिक निविदा सत्र 2024 - 25 हेतु टेन्ट व्यवस्था | 30.00 | 90000.00 | सक्षम श्रेणी | 1000.00 | फार्म "एबीसी" |
| 3 | वार्षिक निविदा सत्र 2024 - 25 हेतु सबमर्सिबल मोटर पंप, पैनल बोर्ड मरम्मत कार्य | 30.00 | 90000.00 | सक्षम श्रेणी | 1000.00 | फार्म "एबीसी" |
| 4 | वार्षिक निविदा सत्र 2024-25 हेतु जलप्रदाय शाखा अंतर्गत मरम्मत सामग्री क्रय | 30.00 | 90000.00 | सक्षम श्रेणी | 1000.00 | फार्म "एबीसी" |
| 5 | वार्षिक निविदा सत्र 2024 - 25 हेतु विद्युत शाखा अंतर्गत विद्युत मरम्मत सामग्री क्रय | 30.00 | 90000.00 | सक्षम श्रेणी | 1000.00 | फार्म "एबीसी" |
| 6 | वार्षिक निविदा सत्र 2024 - 25 हेतु वाहन, मरम्मत कार्य | 30.00 | 90000.00 | सक्षम श्रेणी | 1000.00 | फार्म "एबीसी" |
| 7 | वार्षिक निविदा सत्र 2024-25 हेतु टैंकर वेल्डिंग व मरम्मत कार्य | 30.00 | 90000.00 | सक्षम श्रेणी | 1000.00 | फार्म "एबीसी" |
| 8 | वार्षिक निविदा सत्र 2024-25 हेतु सफाई सामग्री क्रय कार्य | 30.00 | 90000.00 | सक्षम श्रेणी | 1000.00 | फार्म "एबीसी" |
| 9 | वार्षिक निविदा सत्र 2024-25 हेतु ओव्हरहेड एव सम्पवेल सफाई कार्य | 15.00 | 45000.00 | सक्षम श्रेणी | 1000.00 | फार्म "एबीसी" |
| 10 | वार्षिक निविदा सत्र 2024-25 हेतु जलप्रदाय शाखा अंतर्गत मोटर पंप, पैनल बोर्ड एवं अन्य सामग्री क्रय | 30.00 | 90000.00 | सक्षम श्रेणी | 1000.00 | फार्म "एबीसी" |

निविदा संबंधी विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते हैं एवं www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद कोण्डागांव


## राशिफल


**मेष**
दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।


**वृष**
मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।


**मिथुन**
व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।


**कर्क**
परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**सिंह**
संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।


**कन्या**
संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।


**तुला**
वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।


**वृश्चिक**
मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु**
क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।


**मकर**
व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।


**कुंभ**
आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।


**मीन**
मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5589



**बाएँ से दाए**
1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

**शब्द पहेली- 5588 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5600
मध्यम



**सूडोकु नवताल- 5599 का हल**

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।





मौसम कोई भी हो, वर्किंग लोगों के सुबह का नाश्ता पौष्टिक और एनर्जी देने वाला होना चाहिए। बारिश के मौसम में कैसा होना चाहिए आपका नाश्ता, क्या करें उसमें शामिल और किसे करें एवॉयड, यहां बता रहे हैं डिटेल में।

# वर्किंग लोगों के लिए ऐसा हो परफेक्ट रेनी सीजन ब्रेकफास्ट

डाइट एडवाइस
किरण भास्कर

मानसून के दिनों में हमारा ऑफिस जाने का शेड्यूल अकसर किसी ना किसी बाधा का शिकार हो जाता है। किसी दिन सुबह सुबह अचानक तेज बारिश होने लगती है और हमें घर से निकलने में लेट हो जाता है, तो किसी और दिन हमारे घर से निकलते ही बादल बरसने लगते हैं और हम ऑफिस पहुंचने तक भीग जाते हैं। बारिश के दिनों में कई बार हफ्तों तक मनचाही सब्जियां नहीं मिलतीं। यानी इन दिनों में अकसर हमारा ऑफिस का फिक्स्ड शेड्यूल गड़बड़ाता रहता है। इसलिए बारिश के दिनों में नियमित दफ्तर जाने वालों को अपने नाश्ते को लेकर सजग रहना चाहिए।



## नाश्ता हो हल्का और सुपाच्य

वर्किंग दिनों में सुबह के समय तली और मसालेदार चीजों को नाश्ते में खाने से बचें। बारिश के मौसम में सुबह फैटी नाश्ते से इसलिए भी बचना चाहिए, क्योंकि ना केवल इससे पित्त बढ़ता है बल्कि दफ्तर पहुंचकर महसूस होता है शरीर भारी लग रहा है। शरीर में काम करने का जरा भी उत्साह नहीं रहता। इसलिए बारिश के दिनों में पूरी सजगता से सुबह बहुत हल्का और सुपाच्य नाश्ता करना चाहिए।

## फ्रूट्स-फाइबर्स हों भरपूर

बारिश के मौसम में सुबह भारी नाश्ते से बचना चाहिए। अगर संभव हो तो हर दिन सुबह के समय ताजे फल खाने चाहिए और अगर फल उपलब्ध ना हों तो ताजी हरी सब्जियां इस मौसम में नाश्ते के लिए उपयुक्त होती हैं। सुबह अगर नाश्ते में ढेर सारी सब्जियां और कुछ साबुत अनाज ले सकें तो पेट भरा लगेगा,चेहरे पर ताजगी भी बनी रहती है और काम करने के लिए एनर्जी भी रहती है।

## ना पिएं ज्यादा पानी

बारिश के मौसम में अगर उमस ना हो तो पसीना नहीं आता और शरीर में पानी की मौजूदगी देर तक बनी रहती है। इसलिए बारिश के समय उन फलों को खास तौर पर खाने से बचना चाहिए, जो पानी से भरपूर होते हैं जैसे-तरबूज, खरबूजा आदि। बारिश के दिनों में सेब, नाशपाती, लीची और केला जैसे फलों का सेवन करना चाहिए। इनमें पानी की मात्रा कम होती है। इस मौसम में आम ज्यादा खाने से बचना चाहिए क्योंकि इससे त्वचा में परेशानी हो सकती है।

## इन्हें खाने से बचें

बारिश के मौसम में स्ट्रीट फूड्स खाने से बचना चाहिए। बारिश के दिनों में नॉनवेज खाने से भी जरूर बचना चाहिए और सुबह के समय तो बहुत ही जरूरी है। बारिश के दिनों में कभी भी रात के बने नॉनवेज को खाकर दफ्तर जाना भारी पड़ सकता है। कुछ लोगों को सुबह नाश्ते में घी से बने परांठे खाने का शौक होता है। लेकिन बारिश के मौसम में सुबह-सुबह घी को ऊपर से डालकर या घी में तली चीज खाना भी परेशानी में डालता है। *



## नाश्ते में करें इन्हें शामिल

**बारिश के** मौसम में नाश्ते को हल्का, सूखा और देर तक एनर्जी देने वाला होना चाहिए। इस सीजन में ब्रेकफास्ट में पोहा, उपमा, इडली अच्छे विकल्प हैं। ये तीनों देर तक एनर्जी देते हैं। इनसे इंफेक्शन का खतरा कम रहता है। इसके अलावा सूखे टोस्ट, मौसमी फलों का जूस भी अच्छे ब्रेकफास्ट की कैटेगिरी में आते हैं। सूखे मेवे, थोड़ी ही मात्रा में अगर इन दिनों लें तो शरीर मजबूत बना रहता है, देर तक शरीर में ऊर्जा भी बनी रहती है और काम करने का उत्साह भी रहता है। फ्रूट जूस के अलावा ब्लैक टी या ब्लैक कॉफी ज्यादा उपयुक्त है। दूध वाली चाय या कॉफी पीने से भी बचना चाहिए।



वर्ल्ड लंग कैंसर-डे स्पेशल

अवेयरनेस
रेखा देशराज

दुनिया में होने वालें कैंसर में सबसे कॉमन लंग कैंसर को माना जाता है। हालांकि इसका ट्रीटमेंट टफ होता है। लेकिन कुछ बातों का अगर ध्यान रखा जाए, कैंसर के लक्षणों पर नजर रखी जाए और कैंसर पैदा करने वाली वजहों से बचा जाए तो लंग कैंसर से बचाव किया जा सकता है। लंग कैंसर से जुड़ी बहुत सी यूजफुल इंफॉर्मेशंस यहां आपको दे रहे हैं।

# रहें एलर्ट-लक्षणों पर रखें नजर लंग कैंसर से संभव है बचाव







जब स्मोकिंग, एयर पॉल्यूशन, रेडिएशन, कुछ भारी धातुओं के संपर्क में आने या फैमिली हिस्ट्री के कारण किसी व्यक्ति के लंग्स टिश्यूज में सेल्स अनियंत्रित रूप से बढ़ने और उनकी संख्या में वृद्धि होने लगती है, तो यह स्थिति वास्तव में फेफड़ों के कैंसर या लंग कैंसर की होती है। लंग कैंसर दुनिया का सबसे कॉमन कैंसर है। आंकड़ों के अनुसार अमेरिका में कैंसर से पीड़ित हर तीसरा व्यक्ति लंग कैंसर से ही पीड़ित है। लंग कैंसर के प्रति लोगों को आगाह करने और इसे मात देने वाले मरीजों की जीत का जश्न मनाने के लिए अमेरिका स्थित लंग कैंसर फाउंडेशन ऑफ अमेरिका (एलसीएफए) ने साल 2012 में हर साल 1 अगस्त के दिन 'वर्ल्ड लंग कैंसर डे' मनाने का निर्णय किया ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस भयानक बीमारी के बारे जागरूक हो सकें।

## समय पर पता लगना है जरूरी

वैसे तो सभी तरह के कैंसर बहुत खतरनाक होते हैं, लेकिन लंग कैंसर इसलिए भी ज्यादा खतरनाक है, क्योंकि इसका पता आमतौर पर तब चलता है, जब यह काफी बड़े पैमाने पर फैल चुका होता है। दूसरे शब्दों में काबू से बाहर हो चुका होता है। शायद यही वजह है कि लंग कैंसर पीड़ितों के जीवित रहने की दर महज 22 फीसदी होती है। अगर समय रहते बीमारी का पता चल जाए तो 50 फीसदी से ज्यादा बचने के चांस होते हैं और नहीं भी बचा तो बीमार के जीवित रहने का समय काफी ज्यादा होता है। अगर शुरुआती स्टेज में लंग कैंसर का पता चल जाए, तो धूम्रपान छोड़ने पर मरीज के 20 फीसदी जीवित रहने की उम्मीद बढ़ जाती है। इसलिए सबसे जरूरी है कि समय रहते लंग कैंसर का पता चल जाए, जिसके लिए जरूरी है कि हम शरीर के कुछ लक्षणों पर नजर रखें। अगर लंग कैंसर का पता पहले या दूसरे चरण के शुरुआत में लग जाए तो भी बचने की संभावना 20 फीसदी तक हो जाती है और जीवित रहने की उम्र में भी आमतौर पर 10 साल का इजाफा हो जाता है। इससे पता चलता है कि लंग कैंसर का समय पर पता चलना कितना जरूरी है।

## लक्षणों पर रखें नजर

अगर किसी को लंबे समय से लगातार खांसी आए और बीच-बीच में खून के कुछ धब्बे नजर आएं तो यह लंग कैंसर का लक्षण हो सकता है। अगर सांस लेने में नियमित तौर पर तकलीफ हो रही हो, सीने में दर्द या बेचैनी महसूस हो रही हो। बात करने में सांस उखड़ने लगे, आवाज में घरघराहट पैदा हो जाए, बात करते-करते आवाज बैठने लगे, भूख ना लगे और बिना किसी वजह के वजन गिरता जाए तो भी यह लंग कैंसर का लक्षण हो सकता है। कंधों में लगातार दर्द, चेहरे, गर्दन, हाथ या ऊपरी छाती में सूजन, एक आंख में छोटी पुतली, झुकी हुई पलक और चेहरे के उस तरफ बहुत कम या बिल्कुल पसीना ना आना, अंगुलियों और नाखूनों के आकार में परिवर्तन और लगातार पीठ दर्द। ये लक्षण भी फेफड़ों के कैंसर से जुड़े हुए हो सकते हैं।

## लंग कैंसर के कारण

लंग कैंसर होने के कई कारण हो सकते हैं। लेकिन सबसे बड़ा कारण सिगरेट, बीड़ी, हुक्का, सिगार या पाइप जैसे तंबाकू उत्पादों का सेवन या ऐसे लोगों के बीच में रहना, जो लगातार आपके इर्द-गिर्द धूम्रपान करते हों। एस्बेस्टेस जैसे विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आना, वायु प्रदूषण में रहना, कुछ भारी धातुओं के संपर्क में आना या फेफड़े की किसी गंभीर बीमारी का होना भी फेफड़ों के कैंसर का प्रमुख कारण हो सकता है। लेकिन सबसे ज्यादा 80 से 85 फीसदी तक फेफड़ों के कैंसर का कारण धूम्रपान होता है। विशेषज्ञों की मानें तो लंग कैंसर के कारण जो मौतें होती हैं, उसमें 80 फीसदी ऐसे लोगों की मौतें होती हैं, जिन्हें धूम्रपान के कारण यह कैंसर हुआ होता है। अगर यह पता चल जाए कि धूम्रपान करने वाले व्यक्ति में कैंसर के लक्षण दिखने लगे हैं और वह धूम्रपान करना छोड़ दे तो कैंसर की आशंका 20 फीसदी से ज्यादा कम हो जाती है। दरअसल, तंबाकू के धुएं और चबाकर खाई जाने वाली तंबाकू में जो निकोटीन नाम का जहरीला तत्व होता है, उसके कारण सबसे ज्यादा लंग कैंसर होता है।



## बचाव के तरीके

लंग कैंसर से बचने का एक तरीका यह है कि कभी भी धूम्रपान ना किया जाए और ना उन लोगों के साथ देर तक रहा जाए, जो धूम्रपान करते हैं। अगर आप पहले से ही धूम्रपान कर रहे हैं तो किसी भी कीमत पर धूम्रपान छोड़ने की कोशिश करें। भले इसके लिए काउंसलिंग से लेकर मेडिकल हेल्प तक क्यों ना लेना पड़े। हाल के सालों में लंग कैंसर के लिए भारत में जो वजहें सामने आई हैं, उनमें पान मसाला, गुटखा, पैक्ड सुपारी और शराब का सेवन भी हैं। इनसे बचें और अपनी रोजमर्रा की डाइट में ज्यादा से ज्यादा फल, हरी सब्जियां और दालों को शामिल करें। हालांकि सभी तरह के फलों और सब्जियों में इन दिनों कीटनाशकों के होने की आशंका बहुत ज्यादा बढ़ गई है। इस वजह से बाजार से सब्जियां और फल लाने के बाद उन्हें कई घंटों तक पानी में भिगोकर रखें या अच्छी तरीके से उन्हें साफ करने के बाद ही सेवन करें। कीटनाशक भी कैंसर की वजह हो सकते हैं। *

## लोगों में अवेयरनेस है जरूरी

**साल** 2020 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया था कि इस बीमारी से पूरी दुनिया में हर साल करीब 18 लाख लोगों की मौत हो जाती है। दुनिया भर में लंग कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए वर्ल्ड कैंसर डे मनाया जाता है, जिसका मकसद ही यह होता है कि लोगों को बताया जाए कि यह कैंसर कितना खतरनाक है और इससे बचकर कैसे रहा जा सकता है? हालांकि लगातार जन जागरूकता अभियान के चलते हाल के सालों में लंग कैंसर के मरीजों की संख्या में आंशिक रूप से कमी आई है। लेकिन यह कमी अभी इतनी नहीं है कि राहत की सांस ली जा सके। यही वजह है कि दुनियाभर की तमाम कैंसर संबंधी संस्थाएं, लोगों को इस भयानक बीमारी से दूर रहने के लिए आगाह करती रहती हैं।

औषधि / रेखा

# मानसूनी रोगों से बचाए नीम की निंबोली

नीम की निंबोली यानी नीम के छोटे-छोटे फल, जिनसे मानसून के मौसम में नीम के पेड़ लदे रहते हैं, इन्हें खाने से इस मौसम में ना केवल हमारी इम्यूनिटी बढ़ती है बल्कि हमारा शरीर इस मौसम में होने वाले तरह-तरह के संक्रमणों से पूरी तरह से सुरक्षित रहता है।

**होते हैं कई पोषक तत्व:** नीम की निंबोली खाने में तो कड़वी होती है, लेकिन इसमें विटामिन-सी के अलावा एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेट्री गुण पाए जाते हैं, उसके कारण हमारा ब्लड शुगर भी कंट्रोल में रहता है और इस मौसम में त्वचा में होने वाले बहुत तरह के बैक्टीरियल इंफेक्शन से भी हम बचे रहते हैं।

**पेड़ का हर हिस्सा लाभकारी:** हालांकि नीम का पूरा पेड़ हमारे स्वास्थ्य के लिए हर तरह से बहुत फायदेमंद होता है। इसलिए नीम को आयुर्वेद में औषधियों का खजाना कहते हैं। नीम की पत्तियां, उसकी कोंपलें और इसके फल यानी निंबोली, सब कुछ खाने से हमें फायदा होता है। चूंकि मानसून के मौसम में दूसरे मौसमों के मुकाबले बैक्टीरिया और वायरस के पनपने की दर कई गुना ज्यादा बढ़ जाती है, जिसके कारण बीमार होने के खतरे भी काफी ज्यादा बढ़ जाते हैं। इसलिए हर्बल एक्सपर्ट बारिश के मौसम में नीम की पत्तियां या निंबोलियां खाने का सुझाव देते हैं। नीम का फल चूंकि इस मौसम में विशेष रूप से पाया जाता है और उसमें पत्तियों और छाल के मुकाबले कहीं ज्यादा नीम के गुण मौजूद होते हैं, इसलिए हर्बल के जानकार इस मौसम में नीम के फलों यानी निंबोलियों के सेवन की सलाह देते हैं।



**निंबोली खाने के विशेष लाभ:** पीले रंग का यह फल अनोखे स्वाद वाला होता है। हालांकि खाने में यह कड़वा ही लगता है, लेकिन दो-चार बार खाने के बाद अगर हम इसे आराम से खाने की आदत बना लें तो सप्ताह में 3 से 4 बार भी पांच-छह निंबोली खाकर इस मौसम में स्वस्थ रह सकते हैं। जो लोग नीम निंबोली को खाने में मुश्किल महसूस करते हैं, उन्हें इस मौसम में नीम की पत्तियां खाने की आदत डालनी चाहिए। मानसून के मौसम में एग्जिमा और सोरायसिस जैसी त्वचा संबंधी बीमारियों के तेजी से होने और बढ़ने का खतरा रहता है। नीम की निंबोलियां इनको रोकती हैं, क्योंकि नीम की निंबोलियां खाने से हमारा ब्लड फिल्टर होकर प्योर होता है, जिस कारण एग्जिमा और सोरायसिस जैसी त्वचा संबंधी बीमारियां नहीं होतीं।

**बरतें सावधानी:** निंबोली फायदेमंद है लेकिन सोच-समझकर और आयुर्वेद विशेषज्ञ से पूछकर ही इसका सेवन करना चाहिए। यदि आपके लीवर या किडनी में कोई समस्या हो तो नीम के किसी भी पदार्थ के सेवन से बचना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को बिना किसी विशेषज्ञ की सलाह के इसे कतई इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। *



मेंटल हेल्थ
विचित्रा दर्गन आनंद
मनोवैज्ञानिक सलाहकार

किसी संकट में थोड़ा-बहुत घबराना, परेशान होना स्वाभाविक है लेकिन जब यह समस्या बहुत बढ़ जाए तो पैनिक डिसऑर्डर हो सकता है। इसलिए इसके लक्षणों पर ध्यान रखते हुए, बचाव और उपचार को अपनाना चाहिए।

# जब चिंता से रहेंगे दूर नहीं होगा पैनिक डिसऑर्डर

हालांकि मुश्किल हालात में थोड़ी घबराहट होना स्वाभाविक है, लेकिन कुछ लोग छोटी-छोटी बातों से ही बहुत जल्दी नर्वस हो जाते हैं। यह पैनिक डिसऑर्डर नामक मनोवैज्ञानिक समस्या का लक्षण हो सकता है। आपने अपने आस-पास कुछ ऐसे लोगों को जरूर देखा होगा, जो मामूली बातों से ही बेवजह बहुत ज्यादा घबरा जाते हैं, ऐसे लोग पैनिक डिसऑर्डर के शिकार हो सकते हैं।

**इन्हें होता है अधिक रिस्क:** पैनिक डिसऑर्डर समस्या, चिंता और डर से जुड़ी हुई है। शुरुआती दौर में लोग इसके लक्षणों को पहचान नहीं पाते हैं। जो लोग छोटी-छोटी बातों को लेकर बेवजह चिंतित रहते हैं, उन्हें यह मनोवैज्ञानिक समस्या हो सकती है। अगर किसी को फोबिया की समस्या हो तो उन स्थितियों में पैनिक डिसऑर्डर के भी लक्षण नजर आ सकते हैं, जिनसे व्यक्ति को अत्यधिक डर लगता है। मसलन, कुछ लोगों को ऊंचाई, लिफ्ट, एयरोप्लेन, भीड़ आदि से बहुत घबराहट होती है। ऐसी स्थिति में व्यक्ति को पैनिक अटैक आ सकता है। इसके अलावा कोई बड़ा सदमा जैसे-आर्थिक नुकसान, पारिवारिक कलह, दुर्घटना, किसी प्रियजन की मौत के बाद भी ऐसे लक्षण नजर आ सकते हैं। अधिक गंभीर स्थिति में व्यक्ति बेहोश भी हो सकता है।

**प्रमुख लक्षण:** कमजोरी और अनावश्यक थकान, छोटी-सी समस्या देखकर घबराहट में हाथ-पैर कांपना, अधिक पसीना निकलना, आंखों के आगे अंधेरा छा जाना, बोलते वक्त जुबान लड़खड़ाना और दिल की धड़कन बढ़ जाना।

**समस्या का कारण:** जिन लोगों की परवरिश अति संरक्षण या सख्ती भरे माहौल में होती है, उनमें मुश्किल स्थितियों का सामना करने की क्षमता विकसित नहीं होती है। ऐसे बच्चों में बड़े होने के बाद पैनिक डिसऑर्डर होने की आशंका बढ़ जाती है। इसके अलावा चिंता, गहरी उदासी, भय, गुस्सा, शक करने की आदत और भावनात्मक असंतुलन जब एक सीमा से अधिक बढ़ जाए तो व्यक्ति में इसके लक्षण प्रकट हो सकते हैं। थाइरॉयड ग्लैंड की अत्यधिक सक्रियता या दिल से संबंधित कोई समस्या होने पर भी पैनिक अटैक की आशंका बढ़ जाती है।

**उपचार के तरीके:** व्यक्ति में मौजूद लक्षणों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, इसका उपचार किया जाता है। जरूरत पड़ने पर एंटीडिप्रेसेंट दवाएं भी दी जाती हैं। काउंसलिंग और कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपी की मदद से व्यक्ति में यह समझ विकसित की जाती है कि जब कोई समस्या आए तो उससे घबराने के बजाय उसका हल ढूंढ़ने की कोशिश करनी चाहिए। *

प्रस्तुति:विनीता

## कैसे करें बचाव

**पैनिक डिसऑर्डर** से बचाव के लिए हमेशा तनावमुक्त रहें, परिवार के सदस्यों के अलावा प्रियजनों से नियमित रूप से बातचीत करें क्योंकि अकेलापन भी इसकी बड़ी वजह है। आठ घंटे की पर्याप्त नींद लें, नियमित एक्सरसाइज और योगाभ्यास करें। अगर कभी अधिक घबराहट हो तो शरीर को ढीला छोड़कर गहरी सांस लें, इससे राहत महसूस होगी।



वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक
1 अगस्त-7 अगस्त, स्पेशल

मेडिकल सजेशन
डॉ. रमनदीप
स्त्री रोग विशेषज्ञ, गुरुग्राम

नवजात शिशु के लिए मां का दूध सर्वोत्तम आहार होता है। लेकिन कुछ मांओं को पर्याप्त दूध का उत्पादन नहीं होता है तो कुछ मांएं अधिक दूध उत्पादन से परेशान रहती हैं। इन दोनों परेशानियों से बचने के उपायों के बारे में जानिए।

# नवजात को ना हो दूध की कमी मां को ना हो कोई परेशानी

हर नवजात बच्चे के लिए उसकी मां का दूध उसके स्वस्थ जीवन का आधार होता है। मां के शरीर में ब्रेस्ट मिल्क बनना एक नेचुरल प्रोसेस है, जो डिलीवरी के बाद शुरू हो जाता है। लेकिन कई बार इस प्रक्रिया में जटिलताएं भी देखने को मिलती हैं। कई महिलाओं के शरीर में ब्रेस्ट मिल्क प्रोडक्शन अपर्याप्त या ब्रेस्ट में फ्लो कम होता है। दूसरी तरफ ऐसी महिलाएं भी होती हैं, जिनके शरीर में ब्रेस्ट मिल्क बहुत ज्यादा बनता है। दोनों स्थितियों में ब्रेस्टफीडिंग करवाते समय मांओं को कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है, तभी बच्चे का समुचित पोषण हो सकता है।

**कैसी हो डाइट:** फीड कराने वाली मां की डाइट एक्स्ट्रा कैलोरी और पौष्टिक तत्वों से भरपूर और संतुलित होनी चाहिए। उसके भोजन में सभी रंगों की मौसमी फल-सब्जियों और डेयरी प्रोडक्ट्स को शामिल करना चाहिए। घी, पंजीरी युक्त फैट रिच डाइट की अपेक्षा प्रोटीन रिच डाइट ज्यादा देनी चाहिए। मां के आहार में लहसुन को शामिल करें। अजवायन, जीरा, मेथी दाना का पानी जैसे लैक्टेटिंग एजेंट को सुबह ले सकती हैं। बहुत ज्यादा मीठा, फैट, मसाले, गैस बनाने वाले खाद्य पदार्थों, कैफीन और मादक पदार्थों के सेवन से फीड कराने वाली मांओं को बचना चाहिए।



**जब ज्यादा हो मिल्क प्रोडक्शन:** इस कंडीशन में मां को कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है-

- ब्रेस्टफीडिंग कराने से करीब 5 मिनट पहले मां को अपनी ब्रेस्ट को हल्के हाथों से दबा-दबाकर थोड़ा दूध निकाल लेना चाहिए।
- बच्चे को प्रत्येक एक-डेढ़ घंटे के बाद ब्रेस्टफीड कराते रहना चाहिए। इससे ब्रेस्टमिल्क सप्लाई और बच्चे का रूटीन सेट होने में मदद मिलती है।
- दूध की ओवर सप्लाई होने से ब्रेस्ट में होने वाले दर्द को कम करने के लिए इस तकनीक का उपयोग कर सकते हैं। कोल्ड प्रेसिंग के लिए पत्ता गोभी के दो पूरे पत्ते लेकर फ्रीजर में आधा घंटा ठंडा करने के लिए रखें। फिर इन्हें ब्रेस्ट पर रखकर कपड़े पहनें। हॉट प्रेसिंग के लिए गुनगुने पानी में नहाएं। इससे आराम मिलेगा।
- गर्म पानी में रुमाल या नेपकिन भिगोकर निचोड़ लें। इससे ब्रेस्ट की सिंकाई कर सकते हैं।
- आहार में लहसुन, अजवायन, जीरा, मेथी दाना, बादाम, खसखस, हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन अवॉयड करना चाहिए। ताकि मिल्क प्रोडक्शन ज्यादा ना बढ़े।



**जब कम हो मिल्क प्रोडक्शन:** लैक्टेशन का सीधा संबंध ब्रेन से होता है। ऐसे में मां की काउंसलिंग करनी चाहिए ताकि डिलीवरी के बाद मां खुश और पॉजिटिव रहे। इससे दूध का प्रोडक्शन बढ़ता है।

- डिलीवरी के आधे-एक घंटे के अंदर बच्चे को स्तनपान कराना चाहिए। बच्चा जब स्तनपान करना शुरू करता है, तब स्टीमुलेशन से मां के ब्रेन से प्रोलेक्टिन हार्मोन रिलीज होते हैं जिससे ब्रेस्ट के ग्लैंड्स ज्यादा मिल्क प्रोड्यूस करने लगते हैं।
एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीमेंट सेक्टर का किंग बनने के लिए कुमार मंगलम बिड़ला और गौतम अदाणी के बीच दिलचस्प होड़ चल रही है। अब इस होड़ में एक और नाम शामिल हो गया है। सज्जन जिंदल की अगुआई वाली जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने सीके बिड़ला ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी ओरिएंट सीमेंट लिमिटेड में प्रमोटर हिस्सेदारी खरीदने के लिए वैल्यूएशन शुरू कर दी है।

ओसीएल की सालाना क्षमता 8.5 मिलियन टन है। इस कंपनी पर अदाणी और बिड़ला की भी नजर है। पिछले साल जेपी मॉर्गन ने इसकी बिक्री प्रक्रिया शुरू की थी। इसके बाद से अदाणी और आदित्य बिड़ला ग्रुप ने इस बारे में सीके बिड़ला ग्रुप से बात की है। साल 2022 में अदाणी, आदित्य बिड़ला ग्रुप और जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने भारत में होलसिम के सीमेंट कारोबार को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई थी। लेकिन अदाणी ग्रुप ने 6.5 अरब डॉलर की इस डील में बाजी मार ली। यह सीमेंट इंडस्ट्री का अब तक का सबसे बड़ा मर्जर एंड एक्विजिशन था। इससे अदाणी ग्रुप एक झटके में देश के सीमेंट सेक्टर का दूसरा सबसे बड़ा खिलाड़ी बन गया। उसके बाद से आदित्य बिड़ला ग्रुप और अदाणी ग्रुप सीमेंट सेक्टर में सात कंपनियों को खरीद चुके हैं। ओरिएंट सीमेंट में प्रमोटर हिस्सेदारी 37.9% है। खरीद के साथ ही माइनोरिटी स्टेकहोल्डर्स से अतिरिक्त 26% हिस्सेदारी के लिए एक खुला प्रस्ताव भी शुरू हो जाएगा।

## सीके बिड़ला ग्रुप की प्रमुख कंपनी ओरिएंट सीमेंट में दिखाई दिलचस्पी

### जिंदल सीमेंट कारोबार को सूचीबद्ध करेगा

एक सूत्र ने बताया कि जेएसडब्ल्यू भारत में हीडलबर्ग के एसेट्स, पेन्ना और इंडिया सीमेंट को खरीदने के लिए उत्सुक थी। हीडलबर्ग जॉइंट वेंचर पर जोर दे रहा है जबकि पेन्ना को अदाणी ले उड़े जबकि इंडिया सीमेंट्स बिड़ला की झोली में चली गई। यही वजह है कि जिंदल ग्रुप ने ओरिएंट को लेकर प्रयास तेज कर दिए हैं। JSW सीमेंट अगले साल अपने सीमेंट कारोबार को लिस्ट करने की योजना बना रहा है।



### अदाणी और बिड़ला का रुख दक्षिण की और

चूना पत्थर खदानों के मूल्यांकन और पर्यावरण मंजूरी के कारण अदाणी और आदित्य बिड़ला ग्रुप की बातचीत धीमी पड़ गई थी जिससे जिंदल को भी इस दौड़ में शामिल होने का अवसर मिल गया। पिछले एक महीने में अदाणी और आदित्य बिड़ला ग्रुप ने अपना ध्यान दक्षिण की ओर मोड़ दिया। जून में अदाणी ने पेन्ना सीमेंट का अधिग्रहण कर लिया।

## कंपनी के संस्थापक पर पैसे की हेराफेरी के आरोप के बाद फैसला टाला

# एनसीएलएटी ने बायजू-बीसीसीआई समझौता मामले में सुनवाई टाली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने बुधवार को बायजू और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के बीच मामले के निपटान को लेकर समझौते पर अपना फैसला टाल दिया। बायजू को कर्ज उपलब्ध कराने वाली अमेरिकी कंपनी के शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी के संस्थापक पर पैसे की हेराफेरी के आरोप के बाद न्यायाधिकरण ने फैसला टाल दिया।

एनसीएलएटी की चेन्नई पीठ ने बायजू के निलंबित प्रवर्तकों को बृहस्पतिवार तक एक हलफनामा देकर यह बताने को कहा है कि रिजू रवींद्रन (बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन के भाई) की तरफ से किया जाने वाला 158 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान अवैध तरीके से प्राप्त राशि नहीं है। साथ ही यह अमेरिकी की एक अदालत के पारित आदेश के खिलाफ नहीं है।

## रवींद्रन के भाई से मिले 158 करोड़ रुपए की जानकारी दे हलफनामे में







**राशि गलत तरीके से प्राप्त है: रोहतगी:** रोहतगी ने कहा कि यह गलत तरीके से प्राप्त राशि है जो उनके ग्राहक से 'चुराई' गई है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि जो कंपनी अपने कर्मचारियों को वेतन तक नहीं दे पा रही है और जिसके कोचिंग सेंटर बंद हो रहे हैं, उसने अब पैसे का इंतजाम कैसे किया है?

**कंपनी को बचाने पैसा जुटाया गया:** गलत तरीके से राशि प्राप्त के आरोप पर पूर्व प्रवर्तकों के वकील ने कहा कि विदेशी कोष, विदेशी परिचालन को वित्तपोषित करने के लिए है। इसे भारत नहीं लाया जा सकता। 'रिजू ने कंपनी को बचाने के लिए यह पैसा जुटाया है।'

### पैसा का भुगतान रिजू ने किया : वकील

प्रवर्तक की तरफ से पेश अधिवक्ता अरुण कथपालिया ने कहा कि पैसे का भुगतान रिजू ने किया है और यह भुगतान करने को लेकर उन पर कोई पाबंदी नहीं है। बीसीसीआई की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि पैसा रिजू का है या बायजू का। उन्होंने कहा कि अगर पैसा पारदर्शी तरीके से प्राप्त किया गया है, बीसीसीआई का उसपर अधिकार है।

### सीओसी गठन नहीं करने का निर्देश

इस बीच, राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने बायजू ब्रांड के तहत काम करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लि. के अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) को सुनवाई की अगली तारीख एक अगस्त तक कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) का गठन नहीं करने का भी निर्देश दिया है।

### 8000 करोड़ कर्ज के चूक का दावा

हालांकि, कर्ज देने वाली अमेरिकी इकाई गैस ट्रस्ट एलएलसी की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने आरोप लगाया कि यह पैसा हेराफेरी कर लाया गया है। अमेरिकी इकाई 8,000 करोड़ रुपये के कर्ज के चूक का दावा कर रही है। रोहतगी ने एनसीएलएटी से समझौते को स्वीकार नहीं करने का आग्रह किया।

### बायजू के वकीलों ने समझौते का एक मसौदा दिया

सुनवाई के दौरान बायजू की ओर से पेश वकीलों ने बायजू और बीसीसीआई के बीच समझौते का एक मसौदा ज्ञापन सौंपा। नियम और शर्तों के मुताबिक, पैसे का भुगतान 50-50 करोड़ रुपये की दो किस्तों में किया जाएगा। बाकी रकम तीसरी किस्त में दी जाएगी। मंगलवार को एक किस्त का भुगतान किया गया। यह भुगतान रिजू कर रहे हैं। वह कंपनी के सबसे बड़े शेयरधारकों में से एक है।

# प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर जून में घटकर चार फीसदी

## यह 20 माह का सबसे निचला स्तर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कच्चे तेल और रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन घटने से इस साल जून में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की उत्पादन वृद्धि नरम पड़कर चार प्रतिशत रह गई। यह 20 माह का सबसे निचला स्तर है। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

यह आंकड़ा किसी माह में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली जैसे प्रमुख क्षेत्रों की वृद्धि को दर्शाता है। जून के महीने में इन प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर सालाना और मासिक दोनों आधार पर घटी है। मई, 2024 में प्रमुख क्षेत्रों का उत्पादन 6.4 प्रतिशत बढ़ा था जबकि जून, 2023 में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में इन प्रमुख क्षेत्रों का उत्पादन 5.7 प्रतिशत बढ़ा जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह छह प्रतिशत बढ़ा था। प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि का पिछला निचला स्तर अक्टूबर, 2022 में 0.7 प्रतिशत दर्ज किया गया था।



### कोयला, उर्वरक व सीमेंट सेक्टर में रही मंदी

हालांकि, कोयला और बिजली के उत्पादन में क्रमशः 14.8 प्रतिशत और 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। रेटिंग एजेंसी इक्रा लिमिटेड की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने इन आंकड़ों पर कहा कि मई की तुलना में कोयला, उर्वरक और सीमेंट को छोड़कर पांच क्षेत्रों में वृद्धि में नरमी या गिरावट की स्थिति रहने से बुनियादी उद्योगों की वृद्धि 20 महीने के निचले स्तर पर आ गई।

### कच्चे तेल में 2.6 फीसदी की गिरावट

जून में कच्चे तेल और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में क्रमशः 2.6 प्रतिशत और 1.5 प्रतिशत की गिरावट आई। समीक्षाधीन महीने में प्राकृतिक गैस, उर्वरक, इस्पात और सीमेंट उत्पादन की वृद्धि दर क्रमशः 3.3 प्रतिशत, 2.4 प्रतिशत, 2.7 प्रतिशत और 1.9 प्रतिशत तक सीमित हो गई।

## बिजनेस साइट

# श्री नारायणा हॉस्पिटल में लीवर की हिपेटेक्टामी सफलतापूर्वक संपन्न



**रायपुर।** देवेन्द्र नगर स्थित श्री नारायणा हॉस्पिटल ने पिछले 13 वर्षों में लीवर और गैस्ट्रोइन्ट्रोलॉजी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहचान बनाई है। हाल ही में अस्पताल में 24 वर्षीय मरीज की हिपेटेक्टामी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें मरीज के लीवर का खराब हो चुका हिस्सा सर्जरी द्वारा निकाला गया।

बिलाईगढ़ निवासी मरीज मुकेश पटेल, जो पेशे से टाइल्स मजदूर हैं। उनको हैदराबाद में एक हादसे के दौरान गंभीर चोटें आई थी। दुर्घटना के बाद यशोदा हॉस्पिटल में सीटी स्कैन से पता चला कि उनके लीवर और किडनी में गंभीर चोटें आई हैं। आर्थिक समस्याओं के कारण वे वापस घर आ गए और श्री नारायणा हॉस्पिटल में इलाज के लिए लाए गए। यहां के सीटी स्कैन में पता चला कि लीवर और किडनी के आसपास काफी मात्रा में खून जमा हो चुका था और लीवर के दाएं भाग में सड़न शुरू हो गई थी। हॉस्पिटल के लीवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. हितेश दुबे ने बताया कि मरीज की जान बचाने के लिए लीवर के दाएं हिस्से का 60% भाग ऑपरेट करके निकाला गया। सर्जरी के बाद लीवर का लगभग 80-90% हिस्सा दो सप्ताह में रीजेनरेट हो जाता है। मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। इस आठ घंटे की जटिल सर्जरी में एनेस्थेटिक डॉ. निशान्त त्रिवेदी और गैस्ट्रो सर्जरी टीम का योगदान रहा।

### लीवर ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध

श्री नारायणा हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुनील खेमका ने बताया कि अब अस्पताल में हिपेटेक्टामी जैसी जटिल सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है और आसपास के प्रदेशों के गंभीर मरीज भी स्थानीय सर्जरी में विश्वास करने लगे हैं। यहां लीवर ट्रांसप्लांट सर्जरी की सुविधा भी उपलब्ध है।

# जैन चुस्की चाय का शानदार लकी ड्रॉ ऑफर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जैन चुस्की चाय की निर्माता कंपनी जैन ट्रेडर्स ने ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर की घोषणा की है। इस ऑफर के तहत 600 रुपए तक जैन चुस्की चाय के कोई भी उत्पाद की खरीदी पर एक कूपन मुफ्त मिलेगा। जिसे आप विभिन्न पुरस्कारों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। यह योजना रिटेलर और होलसेलर एवं प्रत्येक कस्टमर के लिए है। योजना का लकी ड्रॉ 30 अप्रैल 2025 को निकाला जाएगा।

लकी ड्रॉ में पहला पुरस्कार एक मारुति आल्टो कार है। इसी तरह दूसरा पुरस्कार एक्टिवा स्कूटर (दो विनर को), तीसरा पुरस्कार वाशिंग मशीन (10 विनर को), चौथा पुरस्कार 100 ग्राम चांदी के सिक्के (50 विनर को), पांचवा पुरस्कार 50 ग्राम चांदी के सिक्के (100 विनर को) है। जैन ट्रेडर्स के संचालक यशवंत जैन ने बताया कि हमारे




उत्पाद अपनी गुणवत्ता व उम्दा स्वाद के चलते छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में काफी पसंद किए जाते है। हमारे विभिन्न उत्पाद चुस्की चाय, चुस्की सोंठ, चुस्की रॉयल, चुस्की सुपर, चुस्की गोल्ड आदि को लोगों ने काफी पसंद किया है। इन सभी उत्पादों को चाय प्रेमियों से काफी अच्छा रिस्पांस मिला है। उन्होंने कहा कि जैन चुस्की के सभी उत्पाद सभी प्रमुख दुकानों में उपलब्ध है।

# टाटा स्टील का मुनाफा जून तिमाही में 75 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख इस्पात कंपनी टाटा स्टील का जून, 2024 को समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध मुनाफा 75 प्रतिशत बढ़कर 918.57 करोड़ रुपये हो गया। खर्चों में कमी की वजह से कंपनी अधिक मुनाफा दर्ज कर पाई है। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी ने 524.85 करोड़ रुपये का शुद्ध




मुनाफा अर्जित किया था। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी की कुल आय घटकर 55,031.30 करोड़ रुपये रह गई। एक साल पहले समान तिमाही में यह 60,666.48 करोड़ रुपये रही थी।

# सेंसेक्स-निफ्टी अपने नए उच्चतम स्तर पर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

धातु, बिजली और चुनिंदा वाहन कंपनियों के शेयरों में तेजी के बीच बुधवार को स्थानीय शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। बीएसई



सेंसेक्स में 286 अंक की बढ़त रही जबकि एनएसई निफ्टी 94 अंक चढ़कर बंद हुआ। इस तरह घरेलू शेयर बाजार लगातार चौथे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। इस दौरान बाजार ने नए रिकॉर्ड भी बनाए हैं। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 285.94 अंक यानी 0.35 प्रतिशत बढ़कर अपने अबतक के उच्चतम 81,741.34 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 93.85 अंक यानी 0.38 प्रतिशत बढ़कर 24,951.15 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 127.3 अंक बढ़कर 24,969.35 अंक तक गया था।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर | Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479, 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद | आयुष्मान कार्ड सुविधा | SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग, नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंकोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

सभी प्रकार के रोगों का नि:शुल्क विशाल आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म परामर्श
दिनांक 21 से 28 जुलाई 2024 | सुबह 9 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक
श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केन्द्र - सम्पूर्ण आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
अग्रिम पंजीयन के लिए संपर्क करें 76470-97309, 98279-66617
मुनआस रियल्टी के बाजू में, रिंग रोड नं.-1, रायपुरा, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130



## आखिरकार सीन नदी में हुआ ट्रायथलॉन

### फ्रांस की ब्यूग्रैंड ने जीता गोल्ड

**पेरिस।** सीन नदी के पानी की गुणवत्ता को लेकर चिंता के बाद आखिरकार पेरिस ओलंपिक खेलों की महिला ट्रायथलॉन बुधवार को यहां संपन्न हो गई जिसमें मेजबान फ्रांस की कैसेंड्रे ब्यूग्रांड ने स्वर्ण पदक जीता। सीन नदी में ट्रायथलॉन की तैराकी स्पर्धा का आयोजन किया जाना था लेकिन उसके पानी की गुणवत्ता को लेकर पिछले कुछ समय से चिंता व्यक्त की जा रही थी। इस वजह से यहां पुरुष और महिला ट्रायथलॉन के अभ्यास सत्र और मुख्य मुकाबले स्थगित करने पड़े थे। ब्यूग्रैंड ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच एक घंटे, 54 मिनट और 55 सेकंड का समय लेकर स्विट्जरलैंड की जूली डेरोन को छह सेकंड से पीछे छोड़ा। ब्रिटेन की बेथ पॉटर ने कांस्य पदक जीता।

### ओलंपिक : पदक तालिका

| क्र. | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 8 | 7 | 3 | 18 |
| 2 | जापान | 8 | 3 | 4 | 15 |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 7 | 4 | 3 | 14 |
| 4 | फ्रांस | 6 | 9 | 8 | 23 |
| 5 | ब्रिटेन | 6 | 6 | 5 | 17 |
| 38 | भारत | 0 | 0 | 2 | 02 |

### आज के कार्यक्रम

**गोल्फ :** पुरुष व्यक्तिगत फाइनल : गगनजीत भुल्लर और शुभंकर शर्मा - दोपहर 12.30 बजे
**निशानेबाजी :** पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (फाइनल): स्वप्निल कुसाले - दोपहर 1.00 बजे, महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (क्वालीफिकेशन): सिफत कौर सामरा और अंजुम मौदगिल - दोपहर 3.30 बजे
**हॉकी :** भारत बनाम बेल्जियम (ग्रुप चरण मैच): दोपहर 1.30 बजे
**मुक्केबाजी :** महिला फ्लाईवेट (प्री-क्वार्टरफाइनल): निकहत जरीन बनाम यू वू (चीन) - दोपहर 2.30 बजे
तीरंदाजी: पुरुष व्यक्तिगत (1/32 एलिमिनेशन): प्रवीण जाधव बनाम काओ वेनचाओ (चीन) - दोपहर 2.31 बजे, पुरुष व्यक्तिगत (1/16 एलिमिनेशन): दोपहर 3.10 बजे से
**टेबल टेनिस :** महिला एकल (क्वार्टर फाइनल): दोपहर 1.30 बजे से
**नौकायन:** पुरुष डिंगी रेस एक: विष्णु सरवनन : दोपहर 3.45 बजे, पुरुष डिंगी रेस 2: विष्णु सरवनन : रेस 1 के बाद, महिला डिंगी रेस एक: नेथ्रा कुमानन : शाम 7.05 बजे, महिला डिंगी रेस दो: नेथ्रा कुमानन - रेस 1 के बाद।

# स्वप्निल फाइनल में, लवलीना पदक से एक जीत दूर, लक्ष्य ने किया उलटफेर

एजेंसी ▶▶| शेटराउ

भारत के स्वप्निल कुसाले ने पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है लेकिन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर चूक गए। कुसाले क्वालीफाइंग दौर में 590 (38 एक्स) का स्कोर करके सातवें स्थान पर रहे। वहीं ऐश्वर्य प्रताप 589 (33 एक्स) का स्कोर करके 11वें स्थान पर रहे। शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं।

कुसाले ने नीलिंग में 198 (99 और 99), प्रोन में 197 (98 और 99) और स्ट्रैंडिंग पोजिशन में 195 (98 और 97) स्कोर किया। वहीं ऐश्वर्य प्रताप ने नीलिंग में 197 (98 और 99), प्रोन में 199 (100 और 99) और स्ट्रैंडिंग पोजिशन में 193 (95 और 98) स्कोर किया। चीन के लियू युकून 594 स्कोर करके शीर्ष पर रहे जो ओलंपिक क्वालीफिकेशन का रिकॉर्ड है। स्पर्धा का फाइनल बृहस्पतिवार को खेला जाएगा ।





### 5-0 से जीती लवलीना

टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) ने मुक्केबाजी स्पर्धा में अपने पहले मुकाबले में नॉर्वे की सुन्निवा होफ्स्टाड को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। लवलीना ने टोक्यो में 69 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता था। वह लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीतने और भारतीय मुक्केबाजी में अभूतपूर्व उपलब्धि अपने नाम करने से महज एक जीत दूर हैं। एक अन्य मुक्केबाज प्रीति पवार को 54 किग्रा के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कोलंबिया की येनी मार्सेला एरियास से 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा।

### दीपिका की दो शानदार जीत

भारत की अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी ने लगातार दो मुकाबले जीतकर पेरिस ओलंपिक महिला व्यक्तिगत वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल प्रवेश कर लिया। कुछ दिन पहले भारतीय महिला तीरंदाजों की टीम क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से हार गई थी जिसमें दीपिका के प्रदर्शन की काफी आलोचना हुई थी। दीपिका ने व्यक्तिगत वर्ग में पहले एस्तोनिया की रीना परनाट को शूटआफ में 6-5 से हराया। इसके बाद नीदरलैंड की क्विंटी रोफेन को 6-2 से मात दी। अब उनका सामना प्री क्वार्टर फाइनल में जर्मनी की मिशेले क्रोपेन से होगा।



### अंतिम-16 में पहुंची अकुला

भारत की श्रीजा अकुला ने सिंगापुर की जियान झेंग को कड़े मुकाबले में 4-2 से हराकर पेरिस ओलंपिक टेबल टेनिस महिला एकल स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अपने 26वें जन्मदिन पर श्रीजा ने 9-11, 12-10, 11-4, 11-5, 10-12, 12-10 से जीत दर्ज की। इससे पहले मनिका बत्रा भी अंतिम 16 में जगह बना चुकी हैं।

### सिंधू जीती, लक्ष्य ने नंबर 4 क्रिस्टी को हराया

भारतीय बैडमिंटन के स्टार लक्ष्य सेन और पी वी सिंधू ने पेरिस ओलंपिक में अपने अपने मुकाबले शानदार ढंग से जीतकर एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने एस्तोनिया की क्रिस्टीन कूबा को सीधे गेमों में 21-5, 21-10 से हराया। रियो ओलंपिक में रजत और टोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू ने यह एकतरफा मुकाबला 33 मिनट में जीता। वहीं लक्ष्य ने दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को सीधे गेमों में मात दी। लक्ष्य ने यह मुकाबला 50 मिनट में 21-18, 21-12 से जीता।

## पेरिस की खबरें

### भारत के सामने बेल्जियम की चुनौती



**पेरिस।** क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर चुकी भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक के पूल बी के मैच में गुरुवार को मौजूदा चैंपियन बेल्जियम के रूप पहली कठिन चुनौती का सामना करेगी तो उसे प्रदर्शन में निरंतरता रखनी होगी। बेल्जियम पूल बी में तीनों मैच जीतकर शीर्ष पर है जबकि भारत दो जीत और एक ड्रॉ के साथ दूसरे स्थान पर है। आस्ट्रेलिया दो जीत और एक हार के साथ तीसरे स्थान पर है। अर्जेंटीना ने भी तीन मैचों में एक जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ अंतिम आठ में जगह बना ली है। न्यूजीलैंड और आयरलैंड लगातार तीन हार के साथ दौड़ से बाहर हो गए हैं। हर पूल से शीर्ष चार टीमें ही अंतिम आठ में पहुंचेंगी।

### अनुष ड्रेसेज फाइनल में जगह बनाने से चूके



**पेरिस।** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ओलंपिक में घुड़सवारी के व्यक्तिगत ड्रेसेज में बुधवार को यहां फाइनल में जगह बनाने में विफल रहे। अनुष अपने घोड़े 'सर कारमेलो' के साथ अपने ग्रुप में कुल 66.444 अंक के साथ नौवें स्थान पर रहे। इस स्पर्धा में कुल 60 घुड़सवार भाग ले रहे थे जिन्हें 10-10 के छह ग्रुप में बांटा गया था। फाइनल के लिए 18 घुड़सवारों ने क्वालीफाई किया जिसमें डेनमार्क की लॉड्रुप-डुफोर कैथरीन अपने घोड़े फ्रीस्टाइल के साथ 80.792 अंक के साथ शीर्ष पर रही। सिसोजेवा सैंड्रा अपने घोड़े मैक्सिमा बेला के साथ क्वालीफाई करने वाली आखिरी खिलाडी रही। पोलैंड की इस घुड़सवार ने 73.416 अंक बनाए। घुड़सवारी ड्रेसेज में पुरुष और महिला खिलाड़ी एक साथ प्रतिस्पर्धा करते है।

### फिर से सुरक्षा में चूक, मैदान में घुसा दर्शक

**सेंट एटीने।** पेरिस ओलंपिक खेलों में फुटबॉल मैच के दौरान फिर से सुरक्षा में चूक हुई जब अमेरिका और गिनी के बीच खेले गए मैच के दौरान एक दर्शक मैदान में घुस गया। यहां मंगलवार को स्टेड जियोफ्रॉय गुइचार्ड में अमेरिका की गिनी पर 3-0 की जीत के आखिर में एक व्यक्ति ने मैदान पर दौड़ लगाई। इसी स्टेडियम में अर्जेंटीना और मोरक्को के बीच खेले गए मैच के दौरान दर्शकों ने उपद्रव मचाया था। मोरक्को के प्रशंसक तब मैदान में घुस आए थे जिससे खेल दो घंटे तक रोकना पड़ा था।

## खबर संक्षेप



### 'बड़े दिल वाला' कप्तान है सूर्यकुमार : अक्षर

**पालेकल।** ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने सूर्यकुमार यादव को 'बड़े दिल वाला' कप्तान करार देते हुए कहा कि जोखिम लेने की उनकी अद्भुत क्षमता के कारण ही भारत तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका को हराने में सफल रहा। सूर्यकुमार ने मंगलवार को खेले गए मैच में श्रीलंका की पारी के अंतिम क्षणों में कुछ दिलचस्प बदलाव किए। श्रीलंका को जब 138 रन के लक्ष्य के सामने अंतिम दो ओवर में 12 रन चाहिए थे तब उन्होंने रिंकू सिंह को गेंद थमाई जिन्होंने तीन रन देकर दो विकेट लिए। इसके बाद सूर्यकुमार अंतिम ओवर करने के लिए स्वयं आए और उन्होंने भी दो विकेट हासिल करके स्कोर बराबर करवा दिया।

### टर्निंग पिचों पर और सुधार करें खिलाड़ी



**पालेकल।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने श्रीलंका के खिलाफ कम स्कोर वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सुपर ओवर में जीत हासिल करके श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के लिए टीम की प्रशंसा की। साथ ही कहा कि टर्न लेती पिचों पर लगातार सुधार करने की जरूरत है। बीसीसीआई ने ड्रेसिंग रूम में बातचीत का एक वीडियो एक्स पर पोस्ट किया है, जिसमें गंभीर ने कहा, 'श्रृंखला में शानदार जीत के लिए सभी को बधाई। सूर्यकुमार को शानदार बल्लेबाजी और बेजोड़ कप्तानी के लिए बधाई।'

# सिमोन बाइल्स और अमेरिकी टीम ने महिला जिम्नास्टिक में जीता स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| पेरिस



सिमोन बाइल्स की अगुवाई में अमेरिकी महिला जिम्नास्टिक टीम ने टोक्यो में स्वर्ण पदक जीतकर आलोचकों के मुंह बंद कर दिए। बाइल्स, जोर्डन चिलेस और सुनिसा ली पहले भी ओलंपिक में पदक जीत चुकी हैं लेकिन इसी मंच ने उन्हें शारीरिक और मनोवैज्ञानिक घाव भी दिए जो शायद कभी भरेंगे तो नहीं लेकिन उनकी टीस जरूर इस स्वर्ण से कम हो जाएगी। अपने कॅरियर में इन तीनों ने कई चुनौतियों का सामना किया।

तीन साल पहले अपने कॅरियर के शिखर पर मानसिक स्वास्थ्य का हवाला देकर टोक्यो ओलंपिक में कई स्पर्धाओं से हटने वाली बाइल्स पर सभी की नजरें थी। टोक्यो में उन्होंने टीम वर्ग का रजत पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में फाइनल में पहुंचते ही पिछली सारी बुरी यादें तिरोहित हो गई और आखिर में पीले तमगे के साथ खुशी के आंसू थे। अमेरिका की टीम ने 171.296 स्कोर करके इटली और ब्राजील को पछाड़ा। इसके साथ ही बाइल्स ने खेलों के इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया। बाइल्स के पास अब बड़ी स्पर्धाओं के 38 पदक हैं जिनमें से आठ ओलंपिक पदक है।



### प्रशंसकों को लुभा रहा बीच वॉलीबॉल स्टेडियम

**पेरिस।** ओलंपिक में बीच वॉलीबॉल का स्थल खिलाड़ियों और इस खेल के प्रशंसकों के अलावा दूसरों के लिए भी सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र बना है। बीच वॉलीबॉल स्टेडियम एफिल टावर के बिल्कुल पास चैंप डे मार्स में बना है और इसका नाम भी एफिल टावर स्टेडियम हैं। यह इन खेलों के सबसे दिलकश स्टेडियमों में एक है। ओलंपिक पदक विजेता कतर के चेरिफ यूनुसे ने कहा, "मुझे नहीं पता कि बीच वॉलीबॉल के आयोजन के लिए इस जगह को किसने चुना। जिसने भी यह तय किया वह भी पदक का हकदार है।



### 8वां ओलंपिक देखने पहुंची 'सुपरफैन' विवियन रॉबिन्सन

**पेरिस।** ओलंपिक के प्रति दीवानी लास एंजिल्स की 66 साल की विवियन रॉबिन्सन अपनी बचत खर्च कर यहां पेरिस में पहुंची है। ओलंपिक की 'सुपरफैन' विवियन 40 वर्ष में सात ओलंपिक देख चुकी हैं। लेकिन पेरिस की यह यात्रा बहुत महंगी पड़ी। उन्होंने 38 प्रतिस्पर्धाओं के टिकट खरीदने के लिए अपने क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल किया और इस यात्रा के लिए दो नौकरी कीं। वह दिन में 'वेनिस बीच' पर काम करती थीं जिसमें वह चावल के दानों पर नाम लिखती थीं और रात में किराने का सामान पैक करती थीं। उन्होंने कहा कि पेरिस में ओलंपिक देखने के अपने जुनून को पूरा करने के लिए उन्होंने जो पैसे खर्च किए हैं उन्हें भरने के लिए उन्हें दो और साल काम करना होगा। वह कहती हैं, 'पैसे बचाना मुश्किल था और यह एक बड़ा बजट था, लेकिन यहां आना हजार गुना शानदार है।'

# स्वियाटेक क्वार्टर फाइनल में, कर्बर ने बनाया रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| पेरिस

विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने चीन की विश्व में 52वें नंबर की खिलाड़ी वांग ज़ियू को सीधे सेटों में हराकर ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। फ्रेंच ओपन में चार बार की चैंपियन स्वियाटेक ने वांग को 6-2, 6-4 से हराने के बाद कहा कि यह जीत आसान नहीं थी। स्वियाटेक की क्वार्टरफाइनल प्रतिद्वंद्वी आठवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी डेनिएल कोलिन्स होंगी, जिन्होंने कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया। अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को हालांकि हार का सामना करना पड़ा। उन्हें क्रोएशिया की डोना वेकिच ने 7-6 (7), 6-2 से हराया। जर्मनी की 36 वर्षीय एंजेलिक कर्बर ओलंपिक के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई है। उन्होंने कनाडा की लेयला फर्नांडीज को 6-4, 6-3 से पराजित किया।



### जोकोविच की आसान जीत

सर्बिया के शीर्ष वरीय नोवाक जोकोविच ने बुधवार को यहां ओलंपिक खेलों की टेनिस स्पर्धा के पुरुष एकल में जर्मनी के डोमिनिक कोपफर पर 7-5, 6-3 की जीत से क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने इस तरह चौथी बार ओलंपिक एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और अब उनकी निगाहें अपना पहला स्वर्ण पदक जीतने पर लगी होंगी क्योंकि यही पदक उनकी कैबिनेट में मौजूद नहीं है।

## भाला फेंक खिलाड़ी लगातार दूसरी बार स्वर्ण के दावेदार

# नीरज की अगुवाई में एथलीट आज से देंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| पेरिस

भारत का 29 सदस्यीय दल पेरिस ओलंपिक खेलों में गुरुवार से अपने अभयान की शुरुवात करेगा। सभी की निगाह नीरज चोपड़ा पर टिकी रहेंगी जो भाला फेंक में अपने खिताब का बचाव करके भारतीय खेलों के इतिहास में नया अध्याय जोड़ने की कोशिश करेंगे। चोपड़ा मामूली चोटों के कारण ओलंपिक से पहले अधिक प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाए थे लेकिन इसके बावजूद उन्हें लगातार दूसरे ओलंपिक स्वर्ण पदक के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

चोपड़ा अगर आठ अगस्त को स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहते हैं तो वह भाला फेंक में अपने खिताब का बचाव करने वाले दुनिया के पांचवें खिलाड़ी और लगातार दो व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। इससे पहले एरिक लेमिंग (स्वीडन; 1908 और 1912), जॉनी मायरा (फिनलैंड; 1920 और 1924), जान ज़ेलेज़नी (चेक गणराज्य; 1992, 1996 और 2000) और एंड्रियास थोरकिल्डसन (नॉर्वे; 2004 और 2008) ही ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने ओलंपिक की भाला फेंक स्पर्धा में अपने खिताब का बचाव किया। चोपड़ा ने इस साल केवल तीन प्रतियोगिताओं में भाग लिया लेकिन यह 26 वर्षीय खिलाड़ी इसलिए स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार है क्योंकि विश्व स्तर पर उनका कोई भी अन्य प्रतिद्वंदी इस सत्र में असाधारण प्रदर्शन नहीं कर पाया है। पुरुष भाला फेंक में एक अन्य भारतीय किशोर जेना भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का क्वालीफिकेशन राउंड छह अगस्त को होगा।



### महिला 20 किमी पैदल चाल से आगाज

एथलेटिक्स प्रतियोगिता की शुरुवात पुरुष और महिला 20 किमी पैदल चाल से होगी जिसमें अक्षदीप सिंह, विकास सिंह और परमजीत सिंह बिष्ट पुरुषों की जबकि प्रियंका गोस्वामी महिलाओं की स्पर्धा में भाग लेंगी। भारतीय खिलाड़ियों में पुरुषों के 3000 मीटर स्टीपलचेज़र अविनाश साबले और पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम शीर्ष पांच में जगह बनाने की क्षमता रखती है। ज्योति याराजी (महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़), पारुल चौधरी (महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़), अन्नू रानी (महिलाओं की भाला फेंक), महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम, तजिंदरपाल सिंह तूर (गोला फेंक) आदि खिलाड़ी भी अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं।

### युगल में जीते नडाल-अल्काराज



**पेरिस।** पुरुष वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन ने स्टेन वावरिंका को 6-4, 7-5 से पराजित किया। टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने टॉमस मचाक को 6-3, 7-5 से हराया। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज़ ने ब्रिटेन के जैक ड्रेपर को 6-7 (3), 6-3, 6-2 से जबकि टॉमी पॉल ने चेक गणराज्य के18 वर्षीय जैकब मेन्सिक को 6-3, 6-1 से हराया। पुरुष युगल में स्पेन के राफेल नडाल और कार्लोस अल्काराज ने नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर और वेस्ले कूलहोफ पर 6-4, 6-7 (2), 10-2 से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। एंडी मरे ने भी युगल में भी जीत हासिल की। ब्रिटेन के इस खिलाड़ी ने अपने साथी डैन इवांस के साथ मिलकर दो मैच प्वाइंट बचाने के बाद बेल्जियम के सैंडर गिल और जोरान व्लिगेन की जोड़ी को 6-3, 6-7 (8), 11-9 से हराया।

# बिकाऊ है ये भूतहा द्वीप, भटकती हैं सैनिकों की आत्माएं, टूरिस्ट खींचने के लिए बस करना होगा इतना काम!

एजेंसी ▸▸ न्यूयार्क

अगर आप खासे अमीर हैं और टूरिज्म के बिजनेस से खासा कमाना चाहते हैं तो यह खबर आपके काम की हो सकती है। यूरोप में एक द्वीप है जिसमें पर्यटन की काफी संभावनाएं हैं, बिकाऊ है। इस द्वीप का उपयोग सदियों तक सैन्य रक्षा के लिए किया जाता था। इसका अपना निजी समुद्र तट है। इतना ही नहीं, इस द्वीप पर एक होटल खोलने की इजाजत भी है। आपको बस निवेश करना है। लेकिन एक और बात बताया जाता है कि यह द्वीप भूतहा है।

## 15 पूर्व सैनिकों के भूतों का घर

डेवन तट से दूर यह भूतिया छह एकड़ का ड्रेक द्वीप, प्लायमाउथ से मात्र 600 गज की दूरी पर स्थित है। इसके पास 18वीं शताब्दी की तोपों का अपना सेट, एक निजी समुद्र तट, किलेबंदी, बैरक और एक लक्जरी होटल के लिए प्लानिंग की अनुमति है। लेकिन, साथ ही इस द्वीप के बारे में अफवाह है कि यहां 15 पूर्व सैनिकों के भूतों का घर है, जो बैरक में रहते थे। वर्तमान मालिक मॉर्गन फिलिप्स ने कहा, 'यदि आप यहां आने वाले माध्यमों पर यकीन करते हैं तो वे सभी ब्रिटिश सैनिक हैं। वे हमारी रक्षा के लिए यहां हैं। जब वे जीवित थे, तब उन्होंने यही किया था और अब भी यही कर रहे हैं।'



## लागत 2 अरब 68 करोड़ 88 लाख होने का अनुमान

2019 में 6 मिलियन पाउंड यानी 64 करोड़ 59 लाख रुपए में द्वीप खरीदने के बाद, मॉर्गन को 43-बेड वाला होटल बनाने की इजाजत मिल गई है। वह वर्तमान में द्वीप पर समूहों को निर्देशित पर्यटन प्रदान करता है और उसे उम्मीद है कि कोई संभावित खरीदार इस पर पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। इस द्वीप के लिए कोई निश्चित मांग मूल्य नहीं है और नवीनीकरण की लागत लगभग 2 अरब 68 करोड़ 88 लाख होने का अनुमान है।



## ये सब वाकई बहुत बढ़िया है

मॉर्गन ने कहा कि उन्होंने द्वीप पर बहुत सी ऐसी चीजें देखी हैं, जिन्हें समझा नहीं जा सकता, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि 'ये सब वाकई बहुत बढ़िया है।' मॉर्गन का कहना है साफ है कि ये कहानियां चाहे सच हों क्यों ना हों, टूरिस्ट खींचने की वजह बन सकती हैं, क्योंकि दुनिया में कई जगहें ऐसी हैं जो केवल भूतहा होने की वजह से ही टूरिस्ट प्लेस बन गई हैं। लेकिन, वे इसके अलावा और खूबियों को लेकर भी इस द्वीप की तारीफ करते हैं।

## रोचक खबरें

### प्रकृति : दूर से बहुत सुंदर दिखती हैं चॉकलेट पहाड़ियां, इनका रंग करता है हैरान

**न्यूयार्क।** फिलीपींस के बोहोल प्रांत में मौजूद कुछ टीले हरियाली के बीच अपने अनोखे रंग के कारण अलग ही नजर आती हैं। असामान्य और लुभावने नजारों ने पीढ़ियों से स्थानीय लोगों और पर्यटकों की कल्पना को आकर्षित किया है।



लेकिन यह पर्यटकों के अलावा वैज्ञानिकों को भी कम हैरान नहीं करती हैं। कुदरती अजूबों में फिलीपींस की चॉकलेट हिल्स देखना अनूठा ही अनुभव है। इन अद्वितीय भूवैज्ञानिक संरचनाओं में लगभग 200 शंकु के आकार की पहाड़ियाँ शामिल हैं जो 50 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैली हुई हैं। 'चॉकलेट हिल्स' नाम उनके भूरे रंग के कारण लिया गया है, जो शुष्क मौसम के दौरान उनके पास होता है, जो चॉकलेट के स्वादिष्ट टीलों जैसा दिखता है। फिलीपींस के बोहोल प्रांत में स्थित चॉकलेट हिल्स एक अद्वितीय और मनमोहक कुदरती अजूबा है। ये पहाड़ियां 50 वर्ग किलोमीटर के इलाके में फैली हुई हैं और इनमें करीब 1268 अलग-अलग टीले हैं। पहाड़ियों की असामान्य शंकु के आकार आकृतियां पीढ़ियों से आगंतुकों और स्थानीय लोगों को खींचने का काम करती रही हैं, जिसके कारण इस जगह को यह मनोरम नाम मिला है। चॉकलेट हिल्स अनूठी बात यही है कि शुष्क मौसम आने पर उनका रंग बदलने लगता है। जैसे-जैसे पहाड़ियों को ढकने वाली हरी-भरी घास सूखती जाती है, नजारे में नाटकीय परिवर्तन होता है, जो चॉकलेटी भूरे रंग के व्यंजनों के टीलों जैसा दिखता है।

### नजारा : समंदर की गहराई में छुपा मिला 'पाताल लोक', देख फटी रह जाएंगी आंखें

**लंदन।** इतिहास में न जाने ऐसी कितनी चीज़ें हो चुकी हैं, जिनके बारे में हम जानते ही नहीं है। जब ये किसी भी रूप में हमारे सामने आता है, तब हम समझ पाते हैं कि हमारी आंखों से छिपी हुई भी कोई दुनिया हो सकती है। ऐसी ही एक दुनिया सामने आई है गल्फ ऑफ नैपल्स में, जहां समुद्र के अंदर ऐसी चीज़ें मिलीं, जिसकी कल्पना किसी को नहीं रही होगी।



2000 साल पुराना पूरा का पूरा शहर समंदर के नीचे से खोजा गया है। इसे देखकर गोताखोर भी हैरान रह गए क्योंकि समुद्र के नीचे मौजूद चीज़ें किसी आलीशान जगह से जुड़ी हुई लगती हैं। ये वाकई किसी पाताल लोक की तरह है, जो बहुत से रहस्यों को समेटे हुए है। एक रिपोर्ट के मुताबिक समुद्र के नीचे जो दुनिया मिली है, उसमें 177 हेक्टेयर का एक डूबा हुआ शहर है, जो करीब 2000 साल पुराना बताया जा रहा है। हालांकि इसकी स्थिति समय के हिसाब से काफी अच्छी दिख रही है। यहां पर बहुत से बड़े-बड़े स्टैचू समंदर की सतह पर मौजूद हैं। समुद्र से 20 फीट नीचे की सतह पर खूबरसूरत मार्बल का फ्लोर है, जिसे विला का रिसेप्शन माना जा रहा है।

### कछुआ : दुनिया का वो इकलौता जीव, जिसके बच्चे अंडे से शुरू कर देते हैं बोलना

**नई दिल्ली।** अगर आपसे यह सवाल पूछा जाए कि दुनिया में ऐसा कौन सा जानवर है, जो अंडे के अंदर से बात कर सकता है या गाना गा सकता है? तो बहुत से लोगों को आश्चर्य होगा. इसका जवाब भी कई लोगों को नहीं पता है। वे सोचने लगेंगे कि क्या वाकई में इस दुनिया में कोई ऐसा जीव है? इस दुनिया में हर जानवर की अलग-अलग विशेषताएं होती हैं।



कुछ जानवर अंडा देते हैं, फिर उसे सेते हैं, ताकि बच्चा बाहर आ सके, जबकि कुछ जानवरों सीधे बच्चा पैदा करते हैं। लेकिन, एक तथ्य यह भी है कि एक ऐसा जानवर भी है, जिसके बच्चे अंडे के अंदर से बात करना शुरू कर देते हैं। इसकी खोज गेब्रियल जॉर्जीविच कोहेन ने की थी, जो अब स्विट्जरलैंड में ज्यूरिख विश्वविद्यालय में पीएचडी के छात्र हैं।बताया जाता है कि गेब्रियल जॉर्जीविच कोहेन को एक विशेष माइक के माध्यम से अहसास हुआ कि कछुए के बच्चे अंडे के अंदर रहते हुए भी 'बात' करते हैं। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि कछुए के बच्चे अंडे के अंदर एक तरह का गाना गाते हैं। जैसा कि कोहेन ने पाया, ये जानवर अपनी सांस के माध्यम से संवाद करते हैं। समुद्री कछुए वास्तव में अपने अंडों के भीतर से यह संकेत देने के लिए गाते हैं।

### यूपी : ऐसा राज्य है, जहां बहती हैं 48 नदियां, देश में सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली।** भारतीय लोगों के जीवन में देश में बहने वाली नदियां बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। खेती-बारी से लेकर भारतीय धर्मों में भी इनका बहुत ज्यादा महत्व है। इंटरनेट पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, देश में कुल 400 से ज्यादा छोटी नदियां बहती हैं। इनमें से ज्यादातर 8 प्रमुख नदियों में मिल जाती हैं,



जिसमें गंगा, सिंधु, गोदावरी, नर्मदा, ब्रम्हपुत्रा, कृष्णा, यमुना और ताप्ति जैसी नदियां शामिल हैं। ये तमाम नदियां खेती के लिए लाभदायक उपजाऊ जलोढ़ मिट्टी का उत्तम स्त्रोत होती हैं। नदियां न केवल जल प्रदान करती हैं, बल्कि घरेलू एवं औद्योगिक गंदे व अवशिष्ट पानी को अपने साथ बहकर भी ले जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि देश का वो कौन-सा राज्य है, जहां सबसे ज्यादा नदियां बहती हैं? यूपी देश का वो राज्य है, जहां सबसे ज्यादा कुल 48 नदियां बहती हैं। इसमें प्रमुख रूप से गंगा, यमुना, चम्बल, घाघरा और बेतवा नदी शामिल हैं।

# मानसून का पता लगाने के लिए बनाया गया था उदयपुर का किला

*नई दिल्ली। इतिहास में देखेंगे तो हर किले, हर शहर की अपनी कहानी है। ऐसा ही एक किला है उदयपुर में है, जो सिर्फ इस बात के लिए बनवाया गया कि उससे मानसून का पता लगाया जा सके। मानसून पता लगने के बाद बारिश का पानी इकट्ठा किया जा सके। पानी इकट्ठा हो जाए तो उसे लोगों में बांटा जा सके। किला ऊंचा इतना था कि दुश्मनों पर नजर रखने के काम भी आता था। ये कहानी एकदम सच है।*

## लोगों को बांटा जाता था बारिश का पानी

### इस किले क्यों कहते हैं मानसून पैलेस?

मानसून की जानकारी लेने के लिए इस किले को बनवाया गया था। मानसून की शुरुआत होते ही यहां बादलों को बहुत करीब से देखने का मौका मिलता है। साथ ही पूरा किला ठंडा भी हो जाता है। इसी वजह से इस किले को मानसून पैलेस कहा जाता है। बरसात के दिनों में मानसून पैलेस की खूबसूरती देखने कई लोग पहुंचते हैं। इस किले में एक टेलीस्कोप भी लगाया गया था, जिससे महाराणा सज्जन सिंह बादलों, सितारों और आसपास के इलाकों को देखते थे।



### सज्जनगढ़ का किला

इस किले का नाम है सज्जनगढ़। इसका दूसरा नाम है मानसून पैलेस। 200 साल से ज्यादा पुराना है। किले को महाराणा सज्जन सिंह ने बनवाया था। सालों बाद भी इस किले की वास्तुकला और बनावट बहुत अलग और खास है।

### वास्तुकला देखने आते हैं देश-विदेश के लोग

यह किला अरावली पहाड़ियों पर बना है। किले के एक-एक हिस्से पर राजपूताना स्थापत्य शैली नजर आती है। सबसे पहले किले का मुख्य द्वार आता है, जिस पर बारीक नक्काशी और डिजाइन दिखते हैं। इसके बाद किला शुरू होता है। किले की छत पर सुंदर गुंबद और छतरियां बनी हैं। दीवारों पर जालीदार खिड़कियां और बालकनी नजर आती है। किले के अंदर कई कमरे और हॉल हैं, जिनमें सुंदर नक्काशी, पेंटिंग और सजावट का पुराना सामान आज भी मौजूद है। पूरे किले की बनावट ऐसी है कि एक-एक हिस्से में उजाला पहुंचता है।

### क्यों बनवाया था सज्जनगढ़ का किला?

इतिहासकार प्रो.चंद्रशेखर शर्मा बताते हैं, 'उदयपुर फतेहसागर झील के पास सज्जनगढ़ का किला बना है। 1884 में महाराणा सज्जन सिंह के नाम पर इस किले का नाम रखा गया था। किला 944 मीटर ऊंचा है। हालांकि, महाराज इस किले को पूरा बनवाते उससे पहले ही उनकी मौत हो गई। फिर उदयपुर रियासत के शासक महाराणा फतेह सिंह ने इस अधूरे काम को पूरा किया। गर्मियों के दिनों में महाराणा फतेह सिंह अपने परिवार के साथ इसी पैलेस में रहा करते थे। महाराणा सज्जन सिंह चाहते थे कि वो 9 मंजिला किला बनवाएं। सुरक्षा की दृष्टि से भी यह महल काम आता था।'

# मोबाइल पर गेम खेलना पड़ा अधिकारी को महंगा

हरिभूमि न्यूज़ ▸▸ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा खदान में भारी बारिश की वजह से आए जल सैलाब में बहने से मृत माइनिंग अधिकारी जितेंद्र विनायक नागरकर के मामले में कुसमुंडा प्रबंधन ने खुलासा करते हुए आदेश जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि भारी बारिश के दौरान माइनिंग अधिकारी श्री नागरकर मोबाइल पर गेम खेल रहे थे। रेस्ट सेल्टर में मौजूद साथी कर्मियों ने उन्हें चेतावनी दी थी बावजूद इसके श्री नागरकर ने उनकी बातों को अनदेखा करते हुए गेम खेलना जारी रखा जिसकी वजह से यह हादसा हुआ है। उल्लेखनीय है कि 27 जुलाई को कुसमुंडा खदान के ओसीएम (गोदावरी फेस) में लगातार बारिश हो रही थी। इस दौरान रेस्ट सेल्टर पर कुछ अधिकारी कर्मचारी पानी रुकने का इंतजार कर रहे थे। बारिश के कम होते ही अधिकारी कर्मी एक दूसरे का हाथ पकड़कर रेस्ट सेल्टर से बाहर निकलने लगे इसी दौरान जल सैलाब में बहने से सहायक प्रबंधक (खनन) जितेंद्र विनायक नागरकर की मौत हो गई। इस घटना की एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधक द्वारा जांच कराई गई। जांच पश्चात जनरल मैनेजर ने जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किया है।



प्रबंधक ने जांच कर रिपोर्ट की सार्वजनिक

### 2 दिन बाद वापस ले ली रिपोर्ट, निरस्त

29 जुलाई को कुसमुंडा के जनरल मैनेजर द्वारा जारी किए गए आदेश को उसी अफसर ने 31 जुलाई को निरस्त कर दिया। इस आदेश में कहा गया है कि जांच के दौरान फ्रंटलाइन सुपरवाइजर के स्टेटमेंट को वापस लेते हुए रिपोर्ट को निरस्त किया जाता है।

# सतयुग से आज तक अमर है यह पेड़...देवी ने दिया था आशीर्वाद

**माता सीता ने भी इस पेड़ के नीचे किया था विश्राम**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रयागराज अपने धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। यहां स्थित अक्षय वट का पेड़ भारतीय पौराणिक कथाओं और धार्मिक मान्यताओं में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह माना जाता है कि यह पेड़ सतयुग से लेकर आज तक अमर है। इस पेड़ को देवी का आशीर्वाद प्राप्त है। खास बात यह है कि इसे देखने के लिए पातालपुरी मंदिर जाना पड़ता है। दुनिया-देश के श्रद्धालु और पर्यटक इसे देखने समझने और परखने के लिए आते रहते हैं।



### क्या है धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व

अक्षय वट मंदिर के पुजारी रविंद्र नाथ पुरीजी बताते हैं कि प्रयागराज का त्रिवेणी संगम, जहां गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों का संगम होता है। धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। अक्षय वट का पेड़ इस पवित्र स्थल के निकट ही स्थित है और तीर्थयात्री यहां आकर अपनी धार्मिक यात्रा को संपूर्ण मानते हैं।

**मिला है अमरता का प्रतीक** :अक्षय वट को अमरता का प्रतीक माना जाता है। यह पेड़ सदियों से खड़ा है और इसका नष्ट न होना यह दर्शाता है कि इसे देवी का आशीर्वाद प्राप्त है।

### क्या है अक्षय वट की कथा और महत्व

अक्षय वट का शाब्दिक अर्थ है 'अमर बरगद का पेड़'। 'अक्षय' का मतलब होता है 'अमर'या 'जो कभी नष्ट न हो' और 'वट' का मतलब होता है 'बरगद का पेड़'। यह पेड़ धार्मिक और पौराणिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे अनंत काल से अमर माना जाता है। मान्यता है कि सतयुग के समय एक देवी ने इस पेड़ को आशीर्वाद दिया था, जिसके कारण यह पेड़ सदैव अमर रहेगा। यह भी कहा जाता है कि भगवान राम के वनवास के समय में माता सीता ने भी इस पेड़ के नीचे विश्राम किया था और इसे अपनी रक्षा के लिए आशीर्वाद दिया था।

**जीवन था बेहद रहस्यमयी**

# खूबसूरत दिखने के लिए रोजाना 700 गधियों के दूध से नहाती थी ये रानी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इतिहास में कई रानियों और राजकुमारियों के बारे में जिक्र मिलता है, जिन्हें उनकी सुंदरता के लिए आज भी जाना जाता है। हालांकि, इनमें कई ऐसी थीं, जो अपनी सुंदरता को बरकरार रखने के लिए कई अजीबोगरीब काम करती थीं। अक्सर लोगों को आपने गाय या भैंस के दूध से नहाने के बारे में सुना होगा, लेकिन आप जानते हैं कि दुनिया में एक ऐसी भी रानी थी, जो सुंदर दिखने के लिए गधी के दूध से स्नान करती थी। वह नहाने के लिए हर दिन 700 गधियों का दूध मंगाती थी। यह रानी अपनी सुंदरता के लिए पूरी दुनिया में जानी जाती थी। इसके साथ ही उनका जीवन भी काफी रहस्यमयी था।



### सुंदरता की देवी भी कहा जाता था क्लियोपैट्रा को

हम मिस्र की राजकुमारी क्लियोपैट्रा की बात कर रहे हैं। क्लियोपैट्रा को सुदंरता की देवी भी कहा जाता था। क्लियोपैट्रा का जीवन भी काफी रहस्मयी था। क्लियोपैट्रा जितनी खूबसूरत थी, उससे कहीं ज्यादा चतुर और षड्यंत्रकारी भी थी। पिता की मौत के बाद सिर्फ 14 साल की उम्र में क्लियोपैट्रा और उसके भाई टोलेमी दियोनिसस को संयुक्त रूप से राज्य मिल गया। भाई को राज्य पर क्लियोपैट्रा की सत्ता सहन नहीं हुई और बगावत हो गई। इसका नतीजा यह हुआ कि क्लियोपैट्रा को अपनी सत्ता गंवानी पड़ी।

### दुनिया की 12 से अधिक भाषाओं का था ज्ञान

बताया जाता है कि क्लियोपैट्रा इतनी खूबसूरत थी कि वो राजाओं और सैन्य अधिकारियों को अपनी सुंदरता के जाल में फंसा लेती थी और अपने सारे काम निकलवा लेती थी। उसे दुनिया की 12 से अधिक भाषाओं का भी ज्ञान था। यही वजह थी कि वो जल्दी ही किसी से भी जुड़ जाती थी और उसके सारे राज जान लेती थी। कुछ लोगों का मानना है कि क्लियोपैट्रा ने सांप से डंक लगवाकर आत्महत्या कर ली थी, तो वहीं कुछ बताते हैं कि उसकी मौत मादक पदार्थ (जहर) के सेवन से हुई थी। इसके अलावा कुछ लोग यह भी मानते हैं कि सांप से कटवाकर उसकी हत्या कर दी गई थी।

# किम जोंग उन पी जाता है अरबों की शराब

**लंदन।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की लाइफस्टाइल और खाने पानी की आदत काफी दिलचस्प है। उत्तर कोरिया के शासक के निजी जिंदगी की खबरें बेहद कम सामने आती हैं, लेकिन जो भी जानकारी मिली हैं वो बेहद हैरान वाली हैं। उत्तर कोरिया में लोगों के पास खाने के लिए नहीं है, लेकिन देश के शासक किम जोंग उन एक लग्जरी लाइफ जीते हैं। तानाशाह किम जोंग उन की लाइफस्टाइल में महंगी शराब, खास सिगरेट और विदेशों से आयात किया मीट शामिल है। एक मीडया रिपोर्ट के मुताबिक, किम जोंग उन अरबों रुपए की शराब पी जाता है।



# बीएड डिग्रीधारियों की रिव्यू याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर

**डीएड वर्सेस बीएड विवाद**

डीएड के खिलाफ बीएड विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में चल रहे रिव्यू मामले पर बीएड को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने बीएड डिग्रीधारियों की रिव्यू याचिका को खारिज कर दी है। इससे बीएड डिग्रीधारियों के सहायक शिक्षक पद पर भर्ती में शामिल होने का रास्ता बंद हो गया है।

बीएड डिग्रीधारी देवेश शर्मा द्वारा सुप्रीम कोर्ट के 11 अगस्त 2023 के फैसले के खिलाफ रिव्यू याचिका दायर की गई थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा 11 अगस्त में दिए गए फैसले के अनुसार सहायक शिक्षक पद पर बीएड को अयोग्य और असंवैधानिक घोषित किया गया था। केवल डिप्लोमा को ही योग्य घोषित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को बदलने बीएड डिग्रीधारियों ने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने रिव्यू की याचिका को खारिज कर दिया है। अब बीएड डिग्रीधारियों के सहायक शिक्षक पद में शामिल होने के सारे रास्ते बंद हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में भी शिक्षक भर्ती 2023 में यह विवाद चल रहा है।

### डिप्लोमाधारियों का ऐसा तर्क

डिप्लोमाधारियों का कहना है कि सहायक शिक्षक पद पर केवल डिप्लोमा का अधिकार है। इसमें बीएड वाले अवैध रूप से नौकरी कर रहे हैं, उन्हें हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल को 6 सप्ताह के भीतर बाहर करने का आर्डर दिया था, साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने भी हाल ही में अपने 15 जुलाई के आर्डर को इंप्लीमेंट करने को कहा है जिसका अब तक राज्य सरकार ने पालन नहीं किया है। अब छत्तीसगढ़ का सहायक शिक्षक विवाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है, जिसकी अगली सुनवाई 28 अगस्त को होनी है।

# अद्भुत! नाक में बिजली का तार डालकर मुंह से निकाला

**नई दिल्ली।** नाकों को साफ करने के लिए अभी तक आपने योग की नेति क्रिया को किया होगा। इस क्रिया में आप नाक से रबर को डालकर मुंह से बाहर निकालते हैं। मिर्जापुर के रहने वाले युवा ने इससे मिलता-जुलता कुछ अलग ही करतब किया है। युवा ने रबर की बजाय बिजली के तार को नाक से डालकर मुंह से बाहर निकाला है। अनोखे करतब को पूरा करने के बाद इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम के लिए अप्लाई किया था, जहां बुक में नाम दर्ज हो गया है।



मिर्जापुर जिले के मुजेहरा के रहने वाले रितिक दुबे ने 2023 में रबर नेति क्रिया को सीखा था। इस क्रिया को सीखने के बाद उन्होंने रबर की बजाय तार से इसे करना शुरू किया। तार से शुरू करने के बाद रितिक को दिक्कत हुई। हालांकि, बाद में सबकुछ सही हो गया। रितिक ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट लेवल पर हमने 2023 में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया था, जिसके बाद हमें बुक में नाम दर्ज कराने की प्रेरणा मिली। हमने मई 2023 में अप्लाई किया था। 23 जुलाई को हमारा नाम बुक में दर्ज हुआ है। दो भाइयों में रितिक बड़े हैं।

हरिभूमि माह जुलाई 2024 का मासिक बिल

| दिन | दर | राशि |
| --- | --- | --- |
| 31 दिन | 5.00 | 155.00 |
| | कुल | 155.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक जुलाई 2024 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।
व्यवस्थापक

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी



नाक को सही (रिशेपिंग) करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com